दैनिक

नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक

K ✌ K

RNI No.61546/95

क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-293 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 05 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

बांदीपोरा में सेना का ट्रक खाई में गिरा,4 जवान शहीद, दो गंभीर रूप से घायल

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में भारतीय सेना के चार जवान शहीद हो गये, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा एसके पायीन इलाके में हुआ, जहाँ सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में कुल छह जवान सवार थे। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना दोपहर के समय हुई जब सेना का ट्रक एसके पायीन इलाके से गुजर रहा था। किसी कारणवश ट्रक चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक खाई में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही बचाव कार्य शुरू कर दिया गया और घायल जवानों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सेना के प्रवक्ता जल्द ही इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जारी कर सकते हैं।यह कोई पहली घटना नहीं है जब जम्मू-कश्मीर में सेना के वाहनों के साथ इस तरह का हादसा हुआ है। हाल के महीनों में कई ऐसी दुर्घटनाएँ हुई हैं जिनमें जवानों की जान गई है।24 दिसंबर : पुंछ जिले में एक आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। इस वैन में 18 जवान सवार थे, जिनमें से 5 की मौत हो गई थी। हादसे में शामिल सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के थे।नवंबर : नवंबर महीने में भी दो अलग-अलग घटनाओं में 5 जवानों की जान गई थी। 4 नवंबर को राजौरी में एक सड़क हादसे में दो जवान शहीद हुए थे, जबकि 2 नवंबर को रियासी जिले में एक कार खाई में गिरने से तीन जवानों की मौत हो गई थी। लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं ने सेना के जवानों की सुरक्षा को लेकर चिंताएँ बढ़ा दी हैं। इन हादसों के कारणों की जाँच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

पुलिस मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी था नेटवर्क

पूर्णिया (आरएनएस)। बिहार के पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी घाट में पुलिस और एसटीएफ की टीम के साथ मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया। इसका नेटवर्क पूर्णिया, किशनगंज सहित पश्चिम बंगाल और झारखंड तक फैला था।

पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्दान्त डकैत सुशील मोची अपने साथियों के साथ तारबाड़ी घाट स्थित बहियार में है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम और अनगढ़, अमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस टीम देखते ही डकैतों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई।

बताया गया कि लगभग 10 मिनट तक रह-रह कर दोनों तरफ से गोली चलती रही। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया जहां मक्के के खेत से एक शव बरामद हुआ। शव की पहचान डकैत सुशील मोची के रूप में की गई। यह अनगढ़ थाना का रहने वाला था। इस पर बिहार पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

सरकारी संस्थानों और शिक्षा पर ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत-राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिक्षा को समाज के हर व्यक्ति का अधिकार बताते हुए कहा है कि सरकार को निजीकरण पर ध्यान देने की बजाए शिक्षा पर ज्यादा खर्च करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाने की जरूरत है और इस पर सरकार को ज्यादा पैसा खर्च करना चाहिए ताकि शिक्षा को बढ़ावा मिले और इसके स्तर को और बेहतर बनाया जा सके।श्री गांधी ने कहा मेरा मानना है कि किसी भी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अपने लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी देना है।

आत्मदाह का प्रयास करने वालों से मिलने पहुंचे कांग्रेसी

इन्दौर (ए.) पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने के विरोध में कल प्रदर्शन और चक्काजाम के दौरान आत्मदाह का प्रयास करने वाले दोनों प्रदर्शनकारियों राजकुमार रघुवंशी व राज पटेल से अस्पताल में मिलने आज कांग्रेसी पहुंचे। बंद के दौरान विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम करते समय राजकुमार रघुवंशी व राज पटेल ने विरोध स्वरूप आत्मदाह करने के प्रयास में खुद पर पेट्रोल छिड़क आग लगा ली थी। मौके पर मौजूद अन्य प्रदर्शकारियों ने तुरंत उन पर लगी आग बुझाने के बाद उन्हें नजदीक के अस्पताल भिजवाया था जहां से इन दोनों प्रदर्शनकारियों राजकुमार रघुवंशी व राज पटेल को 30 प्रतिशत करीब जलने के चलते इन्दौर के चोइथराम हास्पिटल रैफर कर दिया गया था जहां वे फिलहाल इलाज के लिए भर्ती हैं। इन्दौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा और इन्दौर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे इन दोनों इलाजरत प्रदर्शनकारियों से मिलने आज चोइथराम हास्पिटल पहुंचे जहां उनसे उनके हालचाल जाने।

समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री ने लटेरी, विदिशा में किया 132 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सर्वश्रेष्ठ देश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। युवा, गरीब, किसान और महिलाएं हमारी विशेष प्राथमिकता है। मध्यप्रदेश तेज गति से देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनने के लिए निरन्तर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को लटेरी (विदिशा) में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में विशाल जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने क्षेत्र के लिए 132 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास किया। इनमें 80 करोड़ 16 लाख रुपए के 54 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और 51 करोड़ 96 लाख रुपए के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हित लाभ भी वितरित

किए। कार्यक्रम में विदिशा जिले में 505 हेक्टेयर चरनोई की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किए जाने पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आधुनिक युग के भगीरथ हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों से केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजनाओं से प्रदेश को दो बड़ी सिंचाई परियोजनाएं मिली है। इससे न केवल बुंदेलखंड अपितु मालवा और चंबल क्षेत्र में भी बड़े क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल सुविधा मिलेगी। इस क्षेत्र के भी 360 गांव को जल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा लक्ष्य है हर किसान के खेत में पानी पहुंचाना। हर खेत में पानी आने से किसान की जिंदगानी बदलेगी। कृषि उत्पादन में हम पंजाब, हरियाणा को भी पीछे छोड़ने वाले हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पशुपालन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों में प्रदेश में तेज गति से विकास हो रहा है। हर गरीब को पक्का मकान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी संकल्पित हैं। आयुष्मान भारत योजना में 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त है। उद्योग और रोजगार बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

18 साल से कम उम्र के बच्चे बिना पैरेंट्स की मंजूरी के नहीं चला पाएंगे सोशल मीडिया, जल्द लागू होगा नया नियम

नई दिल्ली, (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने लंबे समय से प्रतीक्षित डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने 'डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट' का मसौदा जारी किया है। गौरतलब है कि सरकार ने इस कानून को अगस्त 2023 में संसद में पेश किया था। सरकार ने इस मसौदे पर जनता से 18 फरवरी 2025 तक अपनी राय मांगी है। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट पर प्रतिक्रिया MyGov.in के माध्यम से दी जा सकेगी। प्राप्त प्रतिक्रिया के बाद सरकार इस पर विचार करेगी। डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के मसौदे के अनुसार, भविष्य में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया अकाउंट चलाना कठिन हो जाएगा। मसौदे में यह प्रावधान है कि यदि कोई 18 साल से कम उम्र का नाबालिग सोशल मीडिया अकाउंट खोलता है, तो इसके लिए माता-पिता की मंजूरी अनिवार्य होगी। यह मसौदा बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए

कड़े कदम उठाने पर जोर देता है।डिजिटल पर्सनल ड्राफ्ट रूल्स मसौदे के तहत डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड, बोर्ड के चेयरपर्सन और अन्य सदस्यों की सेवा शर्तों को लेकर स्पष्टता आने की उम्मीद है। अधिसूचना जारी करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय ने कहा कि मसौदे पर मिलने वाली प्रतिक्रिया का खुलासा नहीं किया जाएगा। नियमों के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत डेटा का उल्लंघन होता है, तो सोशल मीडिया एंटिटी, वित्तीय संस्थान या वेबसाइट जैसी संस्थाओं को उस व्यक्ति को इसकी जानकारी देनी होगी। इतना ही नहीं, संस्थाओं को उल्लंघन की प्रकृति, समय और स्थान का विवरण भी साझा करना होगा। संस्थाओं को यह भी बताना होगा कि उल्लंघन के क्या परिणाम हो सकते हैं और इससे बचने के क्या उपाय हैं। डिजिटल पर्सनल ड्राफ्ट रूल्स मसौदे के अनुसार, जो संस्थाएँ व्यक्तिगत डेटा को एकत्र करने और संभालने की जिम्मेदारी लेती हैं, उन्हें नाबालिग बच्चों के डेटा को प्रबंधित करने से पहले उनके माता-पिता की अनुमति लेना आवश्यक होगा। सहमति की पुष्टि के लिए संस्थाओं को डिजिटल टोकन का इस्तेमाल करना होगा। इसका मतलब है कि यदि कोई 18 वर्ष से कम आयु में सोशल मीडिया अकाउंट खोलता है, तो अब संस्था को उस बच्चे के माता-पिता की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

ईपीएफओ ने केंद्रीकृत पेंशन प्रणाली की शुरु, 68 लाख सदस्यों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली (आरएनएस)। श्रम मंत्रालय के अनुसार, ईपीएफओ ने देशभर में अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम (सीपीपीएस) का रोलआउट पूरा कर लिया है, जिससे 68 लाख से अधिक पेंशन पाने वालों को लाभ मिलेगा।

मंत्रालय द्वारा हाल ही में दी गई जानकारी के अनुसार, सेंट्रलाइज्ड पेंशन पेमेंट्स सिस्टम पुराने पेंशन वितरण सिस्टम से अलग एक विकेंद्रीकृत सिस्टम है। इस नए सिस्टम के तहत ईपीएफओ का प्रत्येक क्षेत्रीय/क्षेत्रीय कार्यलय केवल 3 से 4 बैंक के साथ अलग-अलग समझौतों को बनाए रखेगा। इस नए सिस्टम के साथ लाभार्थियों को सुविधा मिलेगी कि वे किसी भी बैंक से पेंशन निकाल सकेंगे। साथ ही पेंशन शुरू होने के समय वेरिफिकेशन के लिए लाभार्थी को बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी और राशि जारी होने के तुरंत बाद जमा कर दिया जाएगा। मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, जनवरी 2025 से सीपीपीएस पूरे भारत में पेंशन का वितरण सुनिश्चित करेगा और पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में ट्रांसफर करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार द्वारा उठाया जा रहा यह कदम उन पेंशनभोगियों के लिए राहत भरा होगा, जो रिटायरमेंट के बाद अपने होमटाउन चले जाते हैं और वहीं, आगे का जीवन गुजर-बसर करते हैं।

महापंचायत में शामिल होने जा रही बस पलटी, 3 महिला किसानों की मौत

बरनाला (आरएनएस)। बरनाला जिले में शनिवार को एक भीषण बस दुर्घटना में तीन महिला किसानों की दुखद मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। ये महिलाएं भारतीय किसान यूनियन (BK) एकता उग्रहन की सदस्य थीं और हरियाणा के टोहाना में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में शामिल होने जा रही थीं।

जानकारी के अनुसार, महिलाएं अन्य कार्यकर्ताओं के साथ एक बस में सवार होकर टोहाना जा रही थीं, तभी यह दुर्घटना घटी। दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। यह किसान महापंचायत संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) द्वारा आयोजित की जा रही है।

ईडी की बड़ी कार्रवाई, पूर्व डीआईजी और परिवार की संपत्ति जब्त

भोपाल, (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भोपाल ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तत्कालीन डीआईजी जेल स्व. उमेश कुमार गांधी, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों से संबंधित 4.68 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति कुर्क कर ली है।

ईडी ने विशेष स्थापना पुलिस (लोकायुक्त) द्वारा दर्ज एफ्आईआर के आधार पर जांच शुरू की, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। ईडी द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) 1860 की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसी एक्ट) के तहत लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने उमेश कुमार गांधी के खिलाफ कार्रवाई की थी। गांधी पर अनुपातहीन संपत्ति का संचय करने के आरोप में जांच की गई, और लोकायुक्त पुलिस भोपाल ने इस मामले में दो आरोप पत्र दाखिल किए हैं। पहला आरोप पत्र विशेष न्यायालय में पीसी एक्ट के तहत और दूसरा प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल की अदालत में दायर किया गया है। इन मामलों में तत्कालीन जेल डीआईजी उमेश कुमार गांधी, अजय कुमार गांधी (तत्कालीन जेल प्रहरी, जिला

जेल सीहोर), और अर्चना गांधी (उमेश कुमार गांधी की पत्नी) पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। इन पर 5.13 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति जुटाने के मामले में यह कार्रवाई की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के स्रोत का पता लगाने के लिए पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) के तहत जांच की। जांच में सामने आया कि स्व. उमेश कुमार गांधी ने अपने नाम पर भारी मात्रा में चल-अचल संपत्ति अर्जित की थी। उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर कुल 4.68 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति मिली है।

अश्लील वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल, महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कर दिया बड़ा कांड

गोपालगंज, (आरएनएस)। बिहार के गोपालगंज के युवक को महिला का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने की ऐसी खौफनाक सजा मिली कि सुनने वालो के रौंगटे खड़े हो जाएंगे। युवक की ब्लैकमैलिंग से परेशान महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर युवक का गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने सबूतों के आधार पर महिला तथा उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल होने वाली रस्सी तथा अन्य सामान को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस द्वारा घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

आरोपियों ने अपने बयान में बताया की मृतक गोविंद कुमार गोंड ने महिला का अश्लील वीडियो बनाया था तथा वह उसे लगातार शारीरिक संबंध बनाने के लिए कहता था। इस बात से परेशान महिला ने अपने प्रेमी को सारी बात बता दी और उन दोनो मिलकर हत्या की साजिश रची। महिला ने 1 जनवरी को गोविंद को फोन करके मिलने के लिए अपने घर बुला लिया। यहां दोनों ने रस्सी के साथ उसका गला घोट के उसे मौत के घाट उतार दिया।

इसरो का एक और बड़ा कमाल, अंतरिक्ष में अंकुरित हुए लोबिया के बीज, जल्द निकलेंगे पत्ते

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि इसरो नए एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को

उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। बता दें कि इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस प्रयोग से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है जिससे लंबे स्पेस ऑपरेशन्स में काफी मदद मिल सकती है।इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। उसने लिखा, 'स्पेस में जीवन का आरंभ! वीएसएससी का सीआरओपीएस (कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 पर सफलतापूर्वक हुआ। चार दिन में लोबिया के बीजों में हुआ अंकुरण, पत्तियां जल्द ही निकलने की उम्मीद।' बता दें कि लोबिया के इन बीजों को स्पेड एक्स मिशन के साथ 30 दिसंबर को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से भेजा गया था।

दिव्यांगजन की सेवा और कल्याण आंतरिक सुख का विषय : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अस्थिबाधित दिव्यांगजन को ई-साइकिल वितरित की

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि दिव्यांगजन की सेवा और कल्याण आंतरिक सुख का विषय है। उनकी सेवा से प्राप्त अनुभव और अनुभूति अलौकिक है। दिव्यांगजन के साथ समरसता के व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए समाज में उनके प्रति विद्यमान दृष्टिदोष को दूर करना आवश्यक है। प्रत्येक दिव्यांग व्यक्ति में कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है, उसे चिन्हित कर निखारने और प्रोत्साहित करने से दिव्यांगजन की ऊर्जा का उपयोग समाज हित में किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संवेदनशीलता के परिणामस्वरूप ही विकलांग जैसे कटु अनुभूति देने वाले शब्द को बदलकर दिव्यांग का सम्मानजनक संबोधन प्रदान किया गया। दिव्यांगता का सामना कर रहे व्यक्ति वास्तव में चुनौतियों को स्वीकार करने वाले सच्चे वीर हैं। उनकी सामर्थ्य को स्वीकारना और सम्मान देना समाज का दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अस्थि बाधित दिव्यांगजन को ई-साइकिल वितरित करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल सक्षम की पहल पर भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के सहयोग से संचालनालय सामाजिक न्याय विभाग के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में ई-साइकिल वितरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्व ब्रेल दिवस (4

जनवरी) के अवसर पर ब्रेल लिपि विकसित करने वाले लुइस ब्रेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बालिका कुमारी तान्या शर्मा ने सक्षम गान की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुमारी तान्या का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाज-कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों पर ब्रेल लिपि में विकसित पुस्तक का विमोचन किया और समाजसेवियों का शॉल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मान भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदसौर की कुमारी अनामिका सोलंकी, खंडवा की श्रीमती रजनी दशोरे, झाबुआ की सुश्री उषा गढ़वा सहित ओम तिवारी, सुखदेव आदि को प्रतीक स्वरूप ई-साइकिल वितरित की। प्रदेश के कुल 47 अस्थि बाधित दिव्यांगजन को ई-साइकिल वितरित की।

घर में व्हील चेयर और बाहर ट्राई साइकिल के रूप में उपयोग में आएगी ई-साइकिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ब्रेल लिपि दृष्टि बाधित दिव्यांगजन के लिए यह बड़ी सौगात है। साथ ही कई देशों की सेनाओं द्वारा ब्रेल लिपि का उपयोग रात्रि में संदेशों के आदान-प्रदान के लिए भी किया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर वितरित की जा रही ई-साइकिल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन साइकिलों का उपयोग घर में व्हीलचेयर के रूप में करने के साथ ही घर के बाहर आने-जाने के लिए ट्राई साइकिल के रूप में भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता से प्रभावित होने के बाद भी व्यक्तियों ने अपनी क्षमता और सामर्थ्य का उपयोग कर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं।

विविध- समाचार

कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभी कर्मचारियों कटा वेतन

भोपाल(आरएनएस)। राजधानी की स्वास्थ्य संस्थाओं का सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने औचक निरीक्षण किया गया। इसी दौरान गत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार में प्रशासकीय अनुशासहनीता को देखते हुए संस्था के सभी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा गया। संस्था प्रभारी डॉ. रश्मि वर्मा को प्रशासकीय प्रबंधन में विफ्लता के लिए नोटिस भी दिया गया। इसके बाद सीएमएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रातीबड़ पहुंचे। यहां भी कर्मचारियां का एक दिन का वेतन काटा गया। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुनगा एवं फंद्दा में पूरा स्टाफ निर्धारित समय पर काम करता मिला। सीएमएचओ डॉ. तिवारी ने बताया कि केंद्रों में पदस्थ स्टाफद्वारा कर्तव्यों में उदासीनता बरतने के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए स्वास्थ्य संस्थाओं का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जा रहा है।

सीएम व नेता प्रतिपक्ष चुनेंगे विद्युत नियामक आयोग का चेयरमैन

भोपाल (आरएनएस)। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन पद का कार्यकाल खत्म हो गया है। इसके बाद नए चेयरमैन पद पर नियुक्ति के लिए ऊर्जा विभाग ने समिति का गठन किया है। इस समिति में रिटायर्ड हाईकोर्ट जज के साथ मुख्य सचिव और अध्यक्ष, विद्युत प्राधिकरण को शामिल किया गया है, जो पैनल का चयन करेंगे और इसके बाद नए चेयरमैन के नाम पर सरकार फैसला करेगी। इस पद के लिए पिछले महीनों में दावेदारों से आवेदन बुलाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और रिटायर्ड आईएएस अफ्सरों ने भी इसके लिए नीरज मंडलोई द्वारा गठित समिति में अध्यक्ष के रूप में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज रूपेश चंद्र वार्ष्णेय को नियुक्त किया है।

ठंडी हवाओं से बढ़ रहा कोहरा, गिर रहा रात का तापमान

भोपाल(आरएनएस)। उत्तर की बर्फीली हवाओं क वजह से प्रदेश के अधिकांश शहरों में कोहरा छा रहा है, जिससे रात और सबह के समय दृश्यता कम हो रही है। सुबह दस बजे तेज धूप निकलने के बाद ही कोहरा साफ हो रहा है। अब शनिवार ओर रविार को भी घना कोहरा रहने अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना हे कि प्रदेश के भोपाल, राजगढ़ और उज्जैन में सबसे कम दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इसके अलावा ग्वालियर, रतलाम और नर्मदापुरम में 200 मीटर, रायसेन में 500 मीटर और इंदौर में एक किलोमीटर दर्ज हुई। वहीं, पूर्वी मप्र के इलाकों में खजुराहो व नौगांव में 500 मीटर, रीवा और मंडला में एक किलोमीटर दृश्तया रही। इससे सुबह के वक्त वाहों में आवाजाही प्रभावित हुई।

ईरानी डेरा हटते ही शुरु होगा भूमिगत मेट्रो का काम

भोपाल (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर प्रस्तावित भूमिगत मेट्रो स्टेशन की राह तमं बाधक ईरानी डेरे की 31 दुकानों में 18 दुकानदारों ने अपनी दुकानें खाली कर दी हैं। 13 दुकानदार अब भी दुकानें खाली न करने को लेकर अड़े हैं। शुक्रवार के तहसीलदार न्यायालय में इन दुकानदारों ने 2020 में उच्च न्यायालय के स्टे के दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस पर तहसीलदार संतोष दुबे ने इन्हें बुधवार तक जमीन के दस्तावेज प्रस्तुत करने का समय दिया है। इन 13 दुकानदारों के दस्तावेज देखने के बाद ही आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

निषादवंशीय सम्मेलन में खिलाड़ियों का होगा सम्मान

भोपाल,(आरएनएस)। मानस भवन में रविवार को आयोजित होने वाले निषादवंशीय सर्वगोत्रीय परिचय सम्मेलन में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग समाज के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को सम्मानित करेंगे। विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनारी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष रायकवार ने बताया कि निषादवंशीय मछुआ समाज का परिचय सम्मेलन रविवार को मानस भवन में सुबह 11 से आयोजित किया जाएगा।

वार्डो में आयोजित शिविरों में 1025 प्रकरणों का हुआ निराकरण

भोपाल,(आरएनएस)। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत नगर निगम द्वारा शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ वंचित नागरिकों तक पहुंचाने के लिए शहर के चार वार्डों में शिविरों का आयोजन किया गया। वार्डों में आयोजित शिविरों में 1071 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से वार्ड 57 में पीएम स्वनिधि योजना के दो हितग्राहियों की 20-20 हजार रुपये ऋण की स्वीकृति सहित 1025 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शनिवार, चार जनवरी को जो सात के अंतर्गत वार्ड 31 में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जोन 11 के वार्ड 41 में 69 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 23 का निराकरण किया गया। जोन 12 के वार्ड 43 में प्राप्त 101 आवेदन में से सभी 101 निराकरण किए गए।

इंजीनियरों को 12 दिन करना होगा मैदानी दौरा

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में चल रहे सडक़ पुल-पुलिया सहित अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। इंजीनियरों को निरीक्षण करके गुणवत्ता की जांच करनी होगी। इसके लिए उन्हें प्रति माह आइ से 12 दिन दौरा करके निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने निर्देश दिए।

प्रदेश में निर्माण कार्य से इंजीनियर की नजर हटी तो होगी कार्रवाई

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश को विकास रथ पर दौड़ाने के लिए करीब 25 हजार करोड़ के प्रोजेक्टों पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसके बाद भी प्रमुख अभियंता इंजीनियर से लेकर कार्यपालन यंत्री अपने कैबिनों में बैठकर एसी की हवा खा रहे हैं। ये महीनों फील्ड पर ही नहीं उतरते हैं। इसके निर्माण कार्य में लापरवाही बरती जा सकती है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से समझौता तक किया जा सकता है। इसलिए लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने प्रमुख अभियंता से लेकर कार्यपालन यंत्री तक सभी की जिम्मेदारी तय कर दी है। उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी इंजीनियर फील्ड पर दिखाई देंगे। यहां तक उन्होंने सभी दौरे तक फिक्स कर दिए हैं। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बरतने की जानकारी मिलती है तो एसीएस मंडलोई उक्त दोषी इंजीनियश्र व अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे।

सौरभ पर सबकी अनुकंपा

भोपाल(आरएनएस)। परिवहन विभाग की वसूली से धनकुबेर बने सौरभ शर्मा की परिवहन विभाग में हुई अनुकंपा नियुक्ति पर आरटीआई कार्यकर्ता संकेत साहू ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि सौरभ परिवहन विभाग में अनुकंपा नियुक्ति सुनियोजित तरीके से दिलाई गई है। उन्होंने बताया कि सौरभ ने अपने पिता की जगह अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। इस पर ग्वालियर के तत्कालीन जिला चिकित्सा अधिकारी ने स्वास्थ्य आयुक्त संचालनालय, ग्वालियर कलेक्टर को पत्र के जरिए बताया कि जिले में अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने सहायक वर्ग-तीन में काई पद रिक्त नहीं है। जिला चिकित्सा अधिकारी के इस पत्र को तत्कालीन ग्वालियर कलेक्टर ने बिना जांच कराए ही 12 अगस्त 2016 को परिवहन आयुक्त, कार्यालय को उसे अनुकंपा नियुक्ति के लिए पत्र जारी कर दिया। साहू ने आरोप लगाया कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी की तरफसे यह गलत जानकारी दी गई कि विभाग में वर्ग-तीन में कोई पद रिक्त नहीं था। उस समय अकेले ग्वालियर में स्वास्थ्य विभाग में 300 से अधिक वर्ग-तीन, वर्ग-चार के पद खाली पड़े थे। प्रदेशभर में हजारों पद रिक्त पड़े थे। उन्होंने सवाल उठाए कि ग्वालियर के अलावा सौरभ को स्वास्थ्य विभाग में कहीं भी अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकती थी। लेकिन, परिवहन विभाग में ही उसके लिए वैकेंसी खाली मिली। संकेत ने दावा किया कि सौरभ शर्मा को परिवहन विभगा नियुक्ति सोची-समझी साजिश के तहत कराई गई। उसके लिए तत्कालीन मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने अनुकंपा नियुक्ति की अनुशंसा की थी। हालांकि अनुशंसा में मंत्री की तरफसे परिवहन विभाग में नियुक्ति का जिक्र नहीं है।

देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

आईसीएसआई की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए

भोपाल(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वैभवशाली नेतृत्व में आज भारत में अपार संभावनाएं हैं। देश की क्षमता के सदुपयोग के लिये सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रोफेशनल्स पूरी निष्ठा के साथ देश के निर्माण में अपना योगदान दें। सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि युवा शक्ति और वरिष्ठों के सतत मार्गदर्शन में भारत 2047 तक विश्वगुरु बनेगा।उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होटल जहांनुमा पैलेस भोपाल में आईसीएसआई (इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज़ ऑफ़ इंडिया) की एमपी स्टेट कॉन्फ्रेंस-2025 संकल्प में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि देश में तेज गति से विकास हो रहा है। औद्योगीकरण को गति मिली है। विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्ट-अप, कंपनियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। आज देश में प्रदेश में सकारात्मक वातावरण है। पूरा विश्व भारत को आशा की नज़रों से देख रहा है। कंपनियों का संचालन नियम अनुसार हो और वे सहजता से देश के विकास में सहभागी बनें इसके लिए कंपनी सेक्रेटरीज की भूमिका अहम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कॉन्फ्रेंस की सफलता की शुभकामना दी। महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, संचालक ऐप्पा राजेश गुप्ता, आईसीएसई के वाईस प्रेसिडेंट धनंजय शुक्ला सहित आईसीएसआई के पदाधिकारी और कंपनी सेक्रेटरीज़ उपस्थित रहे।

मिशन प्रदेश अध्यक्ष में जुटे भाजपा की दिग्गज

भोपाल, (आरएनएस)। मध्यप्रदेश का अगला प्रदेशाध्यक्ष कौन होगा। इसके लिए प्रदेश भाजपा के दिग्गज नेता मिशन अध्यक्ष में जुट गए हैं। सत्ताधारी दल का अध्यक्ष बनने के लिए बड़े-बड़े नेता अपेन लिए लॉबिंग करने में लगे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री धमेन्द्र प्रधान के प्रदेश चुनाव अधिकारी बनाए जाने के साथ ही मध्यप्रदेश भाजपा का अगला अध्यक्ष बनने के लिए आधा दर्जन से ज्यादा दिग्गज नेता अपनी अंतिम ताकत लगाने में जुट गए हैं। इसके लिए दावेदार प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं से अलग-अलग पक्ष में लामबंदी करा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इसी माह 15 तारीख तक सूबे की सत्ताधारी दल भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल जाएगा। कहा जा रहा है कि प्रदेशाध्यक्ष बनाने में राज्य के चार नेताओं की रजामंदी पर सबसे ज्यादा निर्भरता रहेगी।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने राजभवन में सौजन्य भेट की।

आयुर्वेद संस्थान में पांच दिवसीय क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर 15 जनवरी से

भोपाल,(आरएनएस)। पं. खुशीलाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान में पांच दिवसीय निःशुल्क क्षार सूत्र चिकित्सा शिविर 15 जनवरी से शुरु होगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने बताया कि अव्यवस्थित खान-पान, खराब दिनचर्या के कारण भगंदर, बवासीर आदि रोग से बड़ी संख्या में लोग पीड़ित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद इन बीमारियों को जड़ से खत्म करने में सक्षम है। क्षार सूत्र पद्धति से शल्य क्रिया अपनाने पर गुदा रोग दोबारा नहीं होते हैं। इससे लगभग तीन दिनों में ही बवासीर से छुटकारा मिल जाता है।

समझौता राशि जमा नहीं करने पर विद्युत कंपनी करेगी कार्रवाई

भोपाल,(आरएनएस)। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत चोरी सहित उन प्रकरणों में जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा शत-प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि मय समझौता राशि के जमा नहीं की जा रही है, उन्हें विशेष न्यायालय में दज कराने की कार्रवाई की जाएगी। ऐसे उपभोक्ताओं जिनके विरुद्ध बिजली का अनाधिकृत उपयोग या चोरी क मामले दर्ज हं, उनसे कंपनी ने अपील की है कि वह जल्द से जछ नियमानुसार निर्धारित समयावधि में शत प्रतिशत क्षतिपूर्ति राशि मय समझौता राशि जमा कराएं और कार्रवाई से बचें।

तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस सात और दस जनवरी को निरस्त रहेगी

भोपाल, (आरएनएस)। जम्मूतवी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत वार्ड में इंटरलाकिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस को निर्धारित तिथियों में निरस्त किया गया है। रेलवे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भोपाल मंडल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 22705 तिरुपति-जम्मूतवी एक्सप्रेस सात जनवरी ओर गाड़ी संख्या 22706 जम्मूतवी-तिरुपति एक्सप्रेस दस जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की दौड़ से हटे अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान

भोपाल,(आरएनएस)। अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान राज्य विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनने की दौड़ से बाहर हो गए हैं। उन्होंने स्वयं अपना आवेदन वापस ले लिया है। अब इस पद के लिए अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार, एसएल मिश्रा, अजीत केसरी सहित चार सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों के आवेदनों पर विचार किया जाना है। उधर, सरकार ने अध्यक्षक ा चयन करने के लिए जस्टिस आरसी वार्ष्णेय की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। विद्युत नियामक आयोग में मुख्य सचिव वेतनमान के सेवानिवृत्त अधिकारी की अध्यक्ष बनाया जाता रहा है। तीन जनवरी को एसीएस परिहार का कार्यकाल पूरा हो गया। उनके स्थान पर नया अध्यक्ष बनाने के लिए ऊर्जा विभाग ने आवेदन मांगे थे। कुल 31 लोगों ने ओवदन किए। इसमें अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, विनोद कुमार, एसएन मिश्रा, अजीत केसरी सहित सेवानिवृत्त अधिकारी मलय श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, संजय बंदोपाध्याय ने आवेदन किए थे। मोहम्मद सुलेमान का नाम मुख्य सचिव पद की दौड़ में भी प्रमुखता से शामिल था लेकिन सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ अनुराग जैन का चयन किया। इसके बाद संभावना जताई जा रही थी कि सुलेमान को विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष बनाया जा सकता है। दरअसल, उन्हें ऊर्जा विभाग में लंबे समय तक काम करने का अनुभव रहा है लेकिन उन्होंने अपना आवेदन वापस ले लिया। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष का चयन करने के लिए समिति बना दी है।

छत पर कपड़े डालकर उतर रही विवाहिता की गिरने से मौत

भोपाल(ए)। बैरसिया थाना इलाके में छत पर कपड़े डालकर नीचे आ रही विवाहिता की अचानक गिरने से मौत हो गई। बताया गया है की महिला नशे की आदि थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे के कारणो की जॉच शुरु कर दी है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय गनगौरा बाई पति सिमरन बिजौरी ग्राम करारिया गॉव में रहती थी। परिवार वालो ने पुलिस को बताया की बीते दिन गनगौरा बाई कपड़े धोने के बाद छत पर सुखाने के लिये डालने गई थी। नीचे उतरते समय अचानक ही वह गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। परिवार वालो ने उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थय केंद्र बैरसिया पहुंचाया था, जहॉ डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिजनो को सौंप दिया है। पुलिस घटना में आगे की जॉच कर रही है। शुरुआत में परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि मृतिका को नशे की आदत थी और हादसे के समय भी वह नशे की हालत में थी।

सुबह पति सोकर उठा तो पंखे पर लटका नजर आया पत्नि का शव

शादी के 22 महीने बाद नवविवाहिता ने लगाई फांसी

भोपाल(ए)। पुराने शहर के छोला मदिंर थाना इलाके में रहने वाली नवविवाहिता द्वारा खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। शनिवार अलसुबह करीब चार बजे जब पति की नींद खुली तो उसे पत्नी का शव बेड रूम में लगे पंखे पर लटका नजर आया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शक्ति ज्ञान कॉलोनी, छोला में रहने वाली खुशी सूर्यवंशी पति आकाश सूर्यवंशी (22) गृहिणी होने के साथ ही घर में ही डांस क्लास चलाती थी, वही आकाश एमपी नगर के एक ऑफिस में नौकरी करता है। पति ने पुलिस को बताया की शुक्रवार रात ऑफिस से लौटने के बाद उसने खुशी के साथ खाना खाया इसके बाद दोनों बेड रूम में सोने चले गये थे। अलसुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि पत्नी का शरीर फंदे पर लटका था।

पति ने पुलिस को आगे बताया कि अगले महीने 18 फरवरी को उसकी दूसरी मैरिज एनिवर्सरी थी, इसे लेकर उसकी पत्नि भी काफी खुश थी, साथ ही उनके बीच किसी भी बात को लेकर कोई विवाद नहीं था। मायके वालों ने भी फिलहाल किसी तरह के परेशान करने के आरोप नहीं लगाए हैं। जॉच के दौरान पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट या अन्य ऐसा सुराग नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या का कारण साफ हो सकें। मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंपते हुए पुलिस आगे की जॉच कर रही है।

खेत में पहुंचे किसान को आराम फरमाता मिला टाइगर, दहाड़ते ही जान बचाकर भागे

बालाघाट(आरएनएस)। बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के खैरलांजी गांव में करीब एक महीने से बाघिन की दहशत फैली हुई है। इसी बीच रामपायली थाना क्षेत्र अंतर्गत कन्हारटोला गांव में शनिवार की सुबह से खेत में टाइगर दिखने के बाद गांव के लोग डरे हुए हैं।

टाइगर की सूचना मिलने के बाद पुलिस बल व वन अमला का भी मौके पर पहुंच गया है। ग्रामीणों को टाइगर से दूर रखने का प्रयास कर रहा है।

सरसों के खेत में डाला डेरा

जानकारी के अनुसार कन्हारटोला गांव के ग्रामीण जयसियाराम पटले के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर ही उनका खेत है। खेत में सरसो की फसल लगी हुई हैं। शनिवार की सुबह घर के लोग तुवर तोड़ रहे थे।इसी दौरान सरसो के खेत में उन्हें कोई वन्यप्राणी सोता दिखाई दिया, जिसे उन्होंने भगाने का प्रयास किया। टाइगर ने उठकर जमकर दहाड़ लगाई, तो वो जान बचाकर भागे। इसके बाद सरसों के खेत में टाइगर होने की खबर पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र में फैल गई।

भ्रमित ना हो, पहले सही तथ्य जान लें, अफवाहों पर ध्यान ना दें : संभागायुक्त दीपक सिंह

पीथमपुर में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के साथ किया संवाद धार

धार (आरएनएस)। संभागायुक्त दीपक सिंह ने आज पीथमपुर नगर पालिका के सभागार में यहां के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों से रामकी प्लांट में यूनियन कार्बाइड के कचरे के डिस्पोजेबल के संबंध में उठ रही भ्रांतियों पर चर्चा की। इसी दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के वीडियो संदेश को भी प्रदर्शित किया गया। संभागायुक्त का कहना था कि पीथमपुर मध्यप्रदेश ही नहीं देश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां की प्रगति के लिए शांति व्यवस्था अहम हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया है कि यूनियन कार्बाइड के कचरे के डिस्पोजेबल के संबंध में भ्रमित ना हो, पहले सही तथ्य जान लें, अफवाहों पर ध्यान नहीं दिया जाए। साथ ही इस पर लगाम भी लगाई जाए। मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट कहना है कि सरकार जनकल्याण, जनहित और जनभावना का आदर करती है। माननीय न्यायालय के समक्ष यह विषय लाया जाएगा और न्यायालय के आदेश के परिपालन में ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। न्यायालय के निर्देश के परिपालन में यूनियन कार्बाइड का कचरा पीथमपुर पहुंचाने का कार्य किया गया है। सुरक्षा के मापदंड पर किसी भी बात का खतरा और डर का भाव जनता के बीच आया तो सरकार के माध्यम से यह विषय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। संभागायुक्त ने संवाद के दौरान सभी की बातों को ध्यानपूर्वक सुना। कहा कि आज हमने आईजी अनुराग , डीआईजी निमिष अग्रवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के साथ नगर का भ्रमण किया। जनजीवन पूर्णत: सामान्य है। हमने रामकी प्लांट भी जाकर देखा है। वहां पर यथास्थिति बनी हुई हैं। बैठक में चर्चा के बिंदुओं को लिपिबद्ध किया गया है और इसके साथ ही आप लोगों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों से शासन को अवगत कराएंगे।

जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत राजस्व संबंधी अन्य कार्यों की 3 जनवरी तक की स्थिति

नरसिहंपुर (आरएनएस)। राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में राजस्व विभाग के अधिकारी- कर्मचारी द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान नामांतरण, अभिलेख दुरस्ती, नक्शा अद्यतन, आधार से आरओआर खसरे की लिंकिंग और फार्मर रजिस्ट्री के कार्य किये जा रहे हैं, जबकि 30 दिसम्बर तक बंटवारा, सीमांकन व परंपरागत रास्तों के चिन्हांकन संबंधी कार्य शतप्रतिशत किया जा चुका है। राजस्व महाअभियान 3.0 के अंतर्गत 3 जनवरी तक नामांतरण के 872, जो 99.66 प्रतिशत, अभिलेख दुरूस्ती के 63, जो 87.50 प्रतिशत, नक्शा अद्यतन के 56 हजार 764 जो 15.86 प्रतिशत, आधार से आरओआर खसरे की 26 हजार 957 की लिंकिंग और फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत कुल 31 हजार 342, जो 32.67 प्रतिशत का कार्य जिले में किया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्व महाअभियान 3.0 के तहत जिले में नामांतरण के तहसील नरसिंहपुर 170, करेली में 61, गोटेगांव में 183 व तेंदूखेड़ा में 138 शतप्रतिशत कार्य किया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर तहसील सांईखेड़ा में 57 जो 98.28 प्रतिशत व गाडरवारा में 263 जो 99.25 प्रतिशत के कार्य हुए हैं। अभिलेख दुरूस्ती में तहसील नरसिंहपुर व सांईखेड़ा में शतप्रतिशत कार्य किया जा चुका है।

विविध-समाचार

बीएमओ कार्यालय में 30 हजार रुपए रिश्वत लेते बाबू गिरफ्तार

बालाघाट(आरएनएस)। शहर में जबलपुर लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीएमओ कार्यालय में पदस्थ बाबू को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। आरोपी प्रवीण जैन बैहर में सहायक ग्रेड-दो कर्मचारी हैं। दरअसल, आरोपी प्रवीण जैन ने 23 दिसंबर को संजीवनी दवाखाना सील किया था। इसके बाद क्लीनिक संचालक डॉ. दिनेश मरकाम से सील बंद ताला की चाबी लौटाने के एवज में बाबू न 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत जबलपुर लोकायुक्त में कर दी। शिकायत सही पाई जाने के बाद टीम ने जाल बिछाकर पैसा देने के लिए भेजा। जैसे ही रिश्वतखोर बाबू प्रवीण जैन पैसे लेने के लिए सिविल अस्पताल के सामने आवासीय परिसर पहुंचा, 30 हजार की रकम के साथ लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के साथ उसका बेटा प्रिंस जैन भी पहुंचा था, जिसे गिरफ्तार कर लिया है। फ्लिहाल आगे की कार्रवाई की जा रही है।

केस में आरोपी का नाम हटाने मांगी थी रिश्वत

जबलपुर(आरएनएस)। लोकायुक्त पुलिस ने सिविल लाइन थाने में पदस्थ सब-इंस्पेक्टर विनोद दुबे को थाने में पांच हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसआई ने एक बाइक की खरीद-फरोख्त के मामले में नाम हटाने के लिए दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। सौदा पाँच हजार रुपए में तय हुआ। शिकायतकर्ता गत दिवस रिश्वत की राशि लेकर थाने पहुंचा। यहां लोकायुक्त टीम ने एसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। एसआई डेढ़ साल बाद रिटायर होने वाले थे। आरक्षक से एसआई तक पहुंचे विनोद दुबे कई बार विवादों में रहे हैं। अब उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की तैयारी चल रही है। गिरफ्तारी के बाद लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें सर्किट हाउस नंबर-दो ले गई। यहां उनकी वर्दी जब्त कर ली। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक जबलपुर का जहांगीर खान पुरानी गाडियों की खरीद-फरोख्त करता है। एक माह पूर्व सिविल लाइन थाने में जहांगीर खान के खिलाफ ग्राहक की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। मामले की जांच एसआई विनोद दुबे को सौंपी थी। एसआई ने केस में धाराएं कम करने और उसका नाम हटाने दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। जहांगीर खान ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी संजय साहू से की। शिकायत के बाद लोकायुक्त टीम ने एसआई के खिलाफ कार्रवाई की।

सिविल अस्पताल हजीरा में जुड़े अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के बड़े-बड़े आयाम

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपनी माताश्री श्रीमती सुधा तोमर के कर कमलों से कराया लोकार्पण

ग्वालियर(आरएनएस)। उप नगर ग्वालियर स्थित सिविल अस्पताल हजीरा में शनिवार को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बड़े-बड़े आयाम जुड़े हैं। जिसमें 32 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन, अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से सुसज्जित आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) शामिल है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर इस अस्पताल का कायाकल्प हुआ है। उन्होंने अपने ज्येष्ठ भ्राता स्व. देवेन्द्र सिंह तोमर की स्मृति में साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल हजीरा में यह स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये यह अस्पताल सही मायने में मानव सेवा के मंदिर का रूप ले रहा है।

शनिवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपनी माताश्री श्रीमती सुधा तोमर के कर कमलों से सिविल अस्पताल हजीरा में सीटी स्कैन व अल्ट्रा सोनोग्राफी मशीन एवं आईसीयू का शुभारंभ कराया। उन्होंने रिमोट का बटन दबाकर एवं मौके पर जाकर लोकार्पण व शुभारंभ किया। इस पुनीत अवसर पर पूरे जनवरी माह तक आयोजित होने जा रहे नि:शुल्क नेत्र शिविर एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ भी सिविल अस्पताल में हुआ। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कार्यक्रम में घोषणा की कि सभी के साझा प्रयासों से सिविल अस्पताल में कैथ लैब (हृदय रोग चिकित्सा इकाई) की स्थापना भी कराई जायेगी। मानव सेवा के लिए समर्पित इन पुनीत क्षणों के साक्षी बनने का सुअवसर महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार, नगर निगम सभापति मनोज सिंह तोमर, पुलिस महानिरीक्षक अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक ए के चौरसिया व उप महाप्रबंधक अभिनव चौकसे, जिला पंचायत के सीईओ विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त अमन वैष्णव, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती अनीता रत्नाकर, सेवानिवृत सिविल सर्जन डॉ. एस के श्रीवास्तव, कैंसर चिकित्सालय व शोध संस्थान के प्रमुख डॉ. बी आर श्रीवास्तव एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी व गणमान्य नागरिकों को मिला।

अपनों को बीमारी से बचाने के लिये शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लें : श्री तोमर

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बड़े मार्मिक और प्रेरणादायी अंदाज में अपने उदबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आज हम आप सबसे कुछ मांगने आए हैं। हमारी आप सबसे याचना है कि अपने शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प लें, जिससे हमारा कोई भी परिजन और मित्र गंदगी की वजह से फैलने वाली बीमारियों से ग्रसित न हो।

हम शहर को इतना साफ-सुथरा रखें कि गंदगी की वजह से हमारे बच्चों के कंधों पर बस्ते की जगह ऑक्सीजन सिलेण्डर होने की नौबत न आए। श्री तोमर ने आह्वान किया कि शहर को साफ-सुथरा रखने में न केवल स्वयं योगदान दें अपितु दूसरों को भी प्रेरित करें। अगर हम साझा प्रयास करेंगे तो निश्चित ही हमारा शहर स्वच्छता में अव्वल बनेगा। उन्होंने अपना संकल्प दोहराते हुए कहा कि पहले चरण में पाताली हनुमान से कांचमिल तक ग्रीन कोरीडोर बनायेंगे।

व्यापार समाचार

एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए लॉन्च की दो नई डिपॉजिट स्कीम

नई दिल्ली,(आरएनएस) । देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई डिपॉजिट स्कीम, हर घर लखपति और एसबीआई पैट्रन्स की घोषणा की है। एसबीआई की डिपॉजिट में लगभग 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इन इनोवेटिव पेशकश के साथ बैंक इनोवेशन को प्राथमिकता देने की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।हर घर लखपति एक प्री-कैलकुलेट रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम है, जिसे ग्राहकों के लिए 1,00,000 और इसके मल्टीपल में सेविंग करने के लिए डिजाइन किया गया है।इस प्रोडक्ट के साथ ग्राहक अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना और बचत पर ध्यान दे सकते हैं।एसबीआई की यह योजना 18 वर्ष से कम उम्र के आयु वर्ग के लिए भी पेश की गई है, ताकि यह वर्ग भी अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग और सेविंग पर छोटी उम्र से ही काम कर सके।एसबीआई ने 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष टर्म डिपॉजिट स्कीम एसबीआई पैट्रन्स भी शुरू की है। इस प्रोडक्ट के साथ बैंक बढ़ी हुई ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। बैंक की यह स्कीम मौजूदा और नए टर्म डिपॉजिट ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है। भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने कहा, हमारा उद्देश्य गोल-ओरिएंटेड डिपॉजिट प्रोडक्ट बनाना है, जो न केवल वित्तीय रिटर्न को बढ़ाए बल्कि हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी हो। हम पारंपरिक बैंकिंग को और अधिक समावेशी (इनक्लूसिव) और प्रभावशाली बनाने के लिए इसे फिर से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की विकास यात्रा में योगदान देने के लिए वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इन्क्लूशन) और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इन प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ एसबीआई ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करता है, जो विभिन्न वित्तीय उद्देश्यों को पूरा करता है।

रुपये में लगातार गिरावट के बीच फिर घटा देश का विदेशी खजाना

मुंबई,(आरएनएस) । भारतीय रिजर्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.112 बिलियन डॉलर घटकर 640.279 बिलियन डॉलर रह गया, जो आठ महीने का सबसे निचला स्तर है. पिछले सप्ताह, कुल भंडार 8.478 बिलियन डॉलर घटकर 644.391 बिलियन डॉलर रह गया था. पिछले कुछ सप्ताहों से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है.

इस गिरावट का कारण रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन को माना जा रहा है. सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था.

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक रणनीतिक बैठक की सह-अध्यक्षता की, जिसमें निर्यात प्रदर्शन को बढ़ाने और व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देने के उपायों पर चर्चा की गई।

जून तक आएगा ईपीएफओ 3.0, लॉन्च होगा नया सॉफ्टवेयर

नई दिल्ली,,(आरएनएस) । केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) इस साल जून तक अपना एडवांस सॉफ्टवेयर सिस्टम, ईपीएफओ 3.0 शुरू करने के लिए तैयार है. पत्रकारों से बात करते हुए मंडाविया ने कहा कि नया सिस्टम देश में बैंकिंग सिस्टम के बराबर दक्षता का स्तर देगा. साथ ही वेबसाइट इंटरफेस अधिक यूजर-फ्रेंडली होगा.मंडाविया ने घोषणा की कि ईपीएफओ 3.0 के लॉन्च के बाद ईपीएफओ अपने सदस्यों को एटीएम कार्ड जारी करेगा. उन्होंने आगे बताया कि वेबसाइट और सिस्टम में सुधार के शुरुआती चरण को जनवरी 2025 के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा.ईपीएफओ 3.0 कर्मचारी भविष्य निधि सदस्यों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए तैयार है. इसका उद्देश्य पहुंच में सुधार, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और कर्मचारियों को उनके सेवानिवृत्ति कोष पर अधिक नियंत्रण देने के लिए नई सुविधाएं पेश करना है.

जनवरी-नवंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 64.5 मिलियन यात्रियों ने की यात्रा

नई दिल्ली,(आरएनएस) । नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, जनवरी-नवंबर 2024 की अवधि में शेड्यूल भारतीय और विदेशी ऑपरेटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कुल 64.5 मिलियन यात्रियों को ले जाया गया। 2023 में समान अवधि में 58 मिलियन यात्रियों ने हवाई सफर किया था, जो 2024 में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 64.5 मिलियन यात्रियों में से 29.8 मिलियन यात्रियों को भारतीय ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था, जबकि 34.7 मिलियन यात्रियों को विदेशी ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था।

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा साझा किए गए पहले के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि में घरेलू एयरलाइंस ने कुल 1.02 मिलियन उड़ानें संचालित कीं, जिनमें कुल 146.4 मिलियन यात्री सवार थे। पिछले वर्ष 2023 (जनवरी-नवंबर) के दौरान 0.97 मिलियन उड़ानों में कुल 138.2 मिलियन शेड्यूल यात्री सवार थे।

मंत्रालय ने कहा, शेड्यूल घरेलू भारतीय वाहकों द्वारा ले जाए जाने वाले घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में वर्ष 2024 में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

17 नवंबर, 2024 को एक दिन में पहली बार घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 5 लाख यात्रियों की संख्या को पार कर लिया।

1 जनवरी को लागू हुए भारतीय वायुयान अधिनियम 2024 का उद्देश्य वैश्विक मानकों के अनुरूप विमान अधिनियम, 1934 को फिर से लागू कर भारत के विमानन क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना है।

सरकार ने डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन नियमों का ड्राफ्ट किया जारी

नई दिल्ली,(आरएनएस) । इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल पर्सनल डेटा सुरक्षा एक्ट के लिए ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं, जिसके अनुसार डेटा फिड्युसरी (एक ऐसी संस्था या व्यक्ति, जो पर्सनल डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता की जिम्मेदारी लेता है) के लिए बच्चे के किसी भी पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने से पहले माता-पिता सहमति लेना अनिवार्य होगा। यह एक्ट अगस्त 2023 में संसद में पारित किया गया था और सरकार 18 फरवरी, 2025 तक एमवाईजीओवी पोर्टल के जरिए ड्राफ्ट नियमों पर लोगों के सुझाव मांग रही है। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, डेटा फिड्युसरी को यह सुनिश्चित करने के लिए उचित तकनीकी और संगठनात्मक उपाय अपनाने होंगे कि बच्चे के किसी भी पर्सनल डेटा को प्रोसेस करने से पहले माता-पिता की वेरीफाई सहमति प्राप्त की जाए। इसके अलावा, यह जांचा जाना भी जरूरी होगा कि माता-पिता के रूप में खुद की पहचान करने वाला व्यक्ति वयस्क हो, जिसकी पहचान की जा सकती है। पहचान सरकार द्वारा जारी आईडी या डिजिटल लॉकर जैसी पहचान सेवाओं से जुड़े डिजिटल टोकन के जरिए सत्यापित करनी होगी। सरकार के इस फैसला का उद्देश्य अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट पर बच्चे की प्राइवेसी सुनिश्चित करना है।ड्राफ्ट नियमों में यह भी कहा गया है कि सहमति प्रबंधकों को डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड के साथ रजिस्टर्ड होना चाहिए और उनकी मिनिमम नेथ वर्थ 12 करोड़ रुपये होनी चाहिए। नियमों में एक रेगुलेटरी बॉडी के रूप में डेटा प्रोटेक्शन बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव है जो रिमोट हियरिंग के साथ एक डिजिटल ऑफिस के रूप में काम करेगा। ड्राफ्ट नियमों के अनुसार, एक डेटा फिड्युसरी अपने कब्जे में या अपने नियंत्रण में पर्सनल डेटा की रक्षा करेगा, जिसमें उसके द्वारा या उसकी ओर से डेटा प्रोसेसर द्वारा किए गए किसी भी प्रोसेसिंग को लेकर, पर्सनल डेटा ब्रीच को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करना शामिल है। ऐसे कदमों में एन्क्रिप्शन के जरिए पर्सनल डेटा को सुरक्षित करना और डेटा के लिए इस्तेमाल कंप्यूटर रिसोर्स तक पहुंच को नियंत्रित करने के लिए उचित उपाय शामिल होंगे। नियमों में डेटा फिड्युसरी के लिए यह भी अनिवार्य किया गया है कि वह किसी भी पर्सनल डेटा ब्रीच की सूचना तुरंत प्रत्येक प्रभावित डेटा प्रिंसिपल को छोटे, साफ और स्पष्ट तरीके से और बिना किसी देरी के दे।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली (ए.)। देश की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने शनिवार को पेट्रोल डीजल की नई कीमतें जारी कर दी हैं। हालांकि, ये कंपनियां रोजाना सुबह 6 बजे नई दरों को जारी कर देती हैं। इन कंपनियों ने देश के चार महानगरों के साथ-साथ झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रमुख जिलों के लिए भी कीमतें जारी की है। हालांकि दिल्ली और मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में शुक्रवार को भी तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.67 प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपेय प्रति लीटर और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये प्रति लीटर और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस

समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? दिल्ली-नोएडा डायरेक्ट (डीएनडी) मार्ग पर टॉल वसूली में घपले पर सीएजी की रिपोर्ट और उस आधार पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक मिसाल है। ऐसे मामले देश में कहां-कहां और कितनी संख्या में होंगे, इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस मार्ग पर प्राइवेट फर्म- नोएडा टॉल ब्रिज कंपनी लिमिटेड (एनटीबीसीएल) के टॉल वसूलने पर 2016 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक लगाई थी। इसके पहले सीएजी रिपोर्ट से टॉल तय करने में बड़ी गड़बड़ी का खुलासा हुआ था। बीते हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। उसने एनटीबीसीएल के साथ-साथ नोएडा प्रशासन के खिलाफ भी कड़ी टिप्पणियां कीं। सुप्रीम कोर्ट ने जिन गड़बडियों की ओर ध्यान दिलाया, उनमें शामिल है: एनटीबीसीएल ने अपने अधिकारियों की अत्यधिक तनख्वाह, भत्तों आदि को पुल निर्माण लागत में जोड़ा। इसके अलावा11 करोड़ रु. लीगल खर्च, चार करोड़ रु. यात्रा खर्च, और 33 करोड़ के डीप डिस्काउंट बॉन्ड देने पर हुआ खर्च भी इसमें शामिल किया गया। कॉरपोरेट गिफ्ट्स की खरीदारी के एवज में हुए सवा 72 लाख रुपये के खर्च को भी जोड़ा गया। इन सबसे बताई गई लागत रकम बढ़ती चली गई।और इस आधार पर टॉल तय हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने टॉल तय करने के इस फॉर्मूले को सिरे से अतार्किक बताया और इस आधार पर एनबीटीसीएल को अनिश्चित काल तक टॉल वसूलने की मंजूरी देने वाले अधिकारियों की गैर-जिम्मेदारी की आलोचना की। तो अब समझा जा सकता है कि पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर बनाई गईं और बन रहीं सड़कों का कैसा अनुचित बोझ सड़क यूजर्स पर डाला गया गया है। अगर अतार्किक फॉर्मूले को अधिकारियों ने मंजूरी दी, तो क्या इसमें भ्रष्टाचार की दुर्गंध महसूस नहीं की जानी चाहिए? अनुमान लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के इस चलन में राजनेता, ठेकेदार, अधिकारी और प्राइवेट कंपनियों- सबका फायदा है। नुकसान केवल आम यूजर उठा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अब कई शहरों में दोपहिया वाहन चालकों से भी टॉल टैक्स वसूला जा रहा है। तो क्या अब वक्त नहीं आ गया है कि इस पूरे मॉडल पर सवाल खड़े किए जाएं?

अमेरिका में ही क्यों नहीं जले जहरीला कचरा?

डॉ. चन्दर सोनाने

कोर्ट के आदेश पर कुछ साल पहले राज्य सरकार ने पीथमपुर में 10 मीट्रिक टन जहरीला कचरा जलाया था। पीथमपुर के आसपास के लोगों का कहना और मानना है कि जहाँ कचरा जलाया था, वहाँ के आसपास की कृषि भूमि में 90 प्रतिशत तक फसल कम आने लगी। कई लोग बीमार हो गए जो अभी तक अपना इलाज करा रहे है। यूनियन कार्बाइड के कचरे मर्करी, लेड और अन्य कैंसर कारक केमिकल है। विषैले तत्वों के कारण क्षेत्र का पानी दूषित हो रहा है। पीथमपुर और महू में कैंसर और अन्य अनुवांशिक बीमारियाँ फैल रही है। पूर्व में केवल 10 टन कचरा जलाने से 90 प्रतिशत कृषि भूमि की उर्वरक क्षमता प्रभावित हुई है।

भोपाल से जब से यूनियन कार्बाइड का 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा पीथमपुर आने की सूचना मिली, तब से ही पीथमपुर और इंदौर में उसका विरोध शुरू हो गया था। किन्तु जब भोपाल से हाल ही में पीथमपुर 337 मीट्रिक टन कचरा पहुँच गया तो 3 जनवरी को जन आक्रोश भड़क उठा। जन स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी तमाम आशंकाओं से डरे लोगों ने पीथमपुर बंद रखा। दो युवकों ने आत्मदाह की कोशिश की। 7 किलोमीटर लंबा हाईवे पूरा दिन जाम रहा। स्थिति उग्र हो गई। कई बार पथराव हुआ। पुलिस ने लाठी चार्ज भी किया। जन आक्रोश को देखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संवेदनशीलता दिखाई और शुक्रवार 3 जनवरी को ही देर रात कैबिनेट की विशेष बैठक बुलाकर यह निर्णय लिया कि पीथमपुर में भेजा गया जहरीला कचरा अभी नहीं जलेगा। राज्य सरकार जन भावनाओं को कोर्ट के सामने रखेगी। मुख्यमंत्री ने इस समस्या पर कहा कि नागरिकों के जीवन को खतरा हो, ऐसा कोई कदम मध्यप्रदेश सरकार नहीं उठाएगी। अभी पीथमपुर में कचरा डंब किया गया है। उसे फिलहाल नहीं जलाया जायेगा। कोर्ट के सामने जनभावनाएं रखकर उससे मार्गदर्शन लिया जायेगा।उल्लेखनीय है कि भोपाल में यूनियन कार्बाइड के कारखाने में 3 दिसम्बर 1984 को रात को जहरीली गैस के रिसाव से करीब 20 हजार लोग सोए के सोए ही रह गए थे। लाखों लोग उससे प्रभावित हुए। वे अभी भी अपना इलाज कराने के लिए मजबूर है। जल दूषित हुआ है। कैंसर जैसी बीमारियाँ फैल रही है। यदि अब 337 मीट्रिक टन जहरीला कचरा पीथमपुर में जलाया जायेगा तो सहज ही कल्पना की जा सकती है कि क्या हालात होंगे ? पीथमपुर के साथ उज्जैन-इंदौर, यशवंत सागर, गंभीर नदी, चंबल नदी पर खतरनाक असर होने की भी संभावना बताई जा रही हैमध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन आक्रोश देखते हुए पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जलाने पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। किन्तु सवाल यहाँ यह उठता है कि अमेरिका के यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष वॉरेन एंडरसन की क्या कोई जिम्मेदारी नहीं बनती है ? जब यूनियन कार्बाइड कारखाना अमेरिका के निवासी का था, तो यूनियन कार्बाइड का शेष बचा 337 मीट्रिक टन कचरा मध्यप्रदेश के पीथमपुर में ही क्यों जलाया जा रहा है ? पीथमपुर ही नहीं मध्यप्रदेश में भी कही नहीं जलाया जाना चाहिए। पूरा देश हमारा है। अमेरिका के यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष और उनके स्टाफ की गलती से जब 3 दिसम्बर 1984 में जहरीली गैस रिसाव का हुआ तो पूरी जिम्मेदारी यूसीसी के अध्यक्ष की ही बनती है। इसलिए मध्यप्रदेश और भारत सरकार को यह पुरजोर कोशिश करनी चाहिए कि यूनियन कार्बाइड का यह जहरीला कचरा मध्यप्रदेश या देश में कही नहीं जले। यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन की ही जिम्मेदारी है तो वह यहाँ से जहरीला कचरा ले जाए और कहीं भी जलाए या नष्ट करें। किसी भी हालत में मध्यप्रदेश और देश में यह जहरीला कचरा जलाया या नष्ट नहीं किया जाना चाहिए, ताकि लोगों की जान और स्वास्थ्य की सुरक्षा की जा सके। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अपेक्षा है कि वे केन्द्र सरकार के समक्ष अपना पक्ष मजबूत से रखेंगे और भारत सरकार अमेरिका के समक्ष अपना यह प्रस्ताव रखे कि भारत देश में यह जहरीला कचरा कहीं नहीं जलेगा ! देश के बाहर कहीं भी ये जहरीला कचरा जलाने की जिम्मेदारी पूरी तरह से यूनियन कार्बाइड कॉपरिशन की ही है। और वही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन भी करें।



इंफोसिस के पूर्व सीईओ विशाल सिक्का ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.

हल चर्चाओं में है शराब कंपनी के मालिक द्वारा प्रदूषण मण्डल आरओ की सुरक्षाकर्मियों से पीटाई की खबर चुप्प क्यों सरकार,प्रशासन ?

अनिल पुरोहित

मध्यप्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की सरकार में इस समय दो ही मुद्दे छाये हुए हैं एक वर्षों से जिन परिवहन चौकियों से अवैध वसूली का खेल चल रहा था उस मामले में पकड़े गए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का मामला उजागर होने के बाद जिस तरह से नित्य नये-नये मामलों का खुलासा हो रहा है, उन संस्थाओं के कर्ताधर्ताओं को इस बात की संतुष्टि है कि उन्होंने जो नीमच के नयागांव बैरियर पर नीमच के तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम से विनती करके नयागांव बैरियर पर चल रहे परिवहन चौकियों परिवहन चालकों से अवैध वसूली के खेल का खुलासा किया था लेकिन उस समय इस मामले को नीमच के तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम द्वारा अपने यहां के बैरियर नयागांव पर छापा पड़वाकर जब इसकी सारी रिपोर्ट लोकायुक्त भेजकर यह उम्मीद जाहिर की थी कि वह इस भ्रष्टाचार की और जांच करें मगर जैसा कि लोकायुक्त में होता आया है कि भ्रष्टाचार को दबाना और यदि पकड़ा गया तो उस मामले को रफादफा करना इस तरह के मामलों का खुलासा ग्वालियर हाईकोर्ट द्वारा कई बार अपने आदेश में कहा गया कि लोकायुक्त ने इस मामले में छानबीन में गड़बड़ी की है आदि, लोकायुक्त में इस तरह का केस दबाने और भ्रष्ट लोगों को उजागर नहीं करने के कई मामले ग्वालियर हाईकोर्ट के संज्ञान में आकर प्रकाश में आये हैं। इसी तरह का नीमच के नयागांव बैरियर पर तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम द्वारा कराई गई छापे की कार्यवाही की रिपोर्ट जब लोकायुक्त के डीजी को भेजी गई तो मजे की बात यह है कि नंदकुमारम का वह पत्र लोकायुक्त डीजी को प्राप्त ही नहीं हुआ पता नहीं कौन ने गायब कर दिया? इस बात को लेकर आज भी नीमच के वह आम आदमी पार्टी के नेता नवीन कुमार अग्रवाल और उनके सहयोगी इस खोल में लगे हुए हैं हालांकि उन्होंने लोकायुक्त के यहां से सूचना के अधिकार के तहत यह जानकारी प्राप्त कर ली है कि उन्हें नंदकुमारम का नयागांव परिवहन चौकी पर पड़े छापे के संबंध में कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। ठीक यही स्थिति इन दिनों मध्यप्रदेश के शराब कंपनी के मालिक द्वारा अपने सुरक्षा कर्मियों के द्वारा मध्यप्रदेश प्रदूषण मण्डल बोर्ड के आरओ जिनकी कलाकारी से इस मध्यप्रदेश में इस समय ठीक लगभग वैसा ही प्रदूषण फैल रहा है जैसा कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में फैल रहा है लेकिन मजे की बात यह है कि भाजपा के नेता केजरीवाल की सरकार में दिल्ली में फैले वायु प्रदूषण को लेकर तो हो हल्ला कर रहे हैं, लेकिन इसी मप्र में कोई दिल्ली से कम आबोहवा खराब नहीं है? लेकिन इस मामले में कोई मुंह नहीं खोल रहा है, क्योंकि यह मामला भाजपा की डबल इंजन की सरकार का मामला है जिसमें प्रदूषण मण्डल के आरओ की कारस्तानी की बदौलत इंदौर में जहां इतना वायु प्रदूषण खराब है कि वहां प्रतिवर्ष दो हजार लोगों की असामायिक मौत प्रतिवर्ष होती है? लेकिन मजे की बात यह है कि उस जिले के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं और वहां के आरओ अपने आपको प्रदेश के इसी सरकार के उपमुख्यमंत्री के साथ पढ़ाई करने की इतनी दबंगाई दिखा रहे हैं कि वह अपने आपको उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से कम नहीं समझ रहे हैं? तभी तो इंदौर और उसके आसपास पीथमपुर, देवास ही नहीं बल्कि वह आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ के मेघनगर इंडस्ट्रीज एरिया की प्रदूषण के मामले की यह हालत है कि वहां के ग्रामीण तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं? यह मेघनगर का इंडस्ट्रीज एरिया पीथमपुर के प्रदूषण निवारण मण्डल बोर्ड के आरओ के भरोसे है? लेकिन मजे की बात यह है कि जब इस संबंध में जानकारी ली जाती है तो वह कहते हैं कि सब ठीकठाक है, यही स्थिति धार व पीथमपुर की भी है लेकिन इन सबसे मजेदार मामला तो यह है कि इस प्रदेश में जहां शराब कारोबारियों के साथ गलबहियां करके इस सरकार के आबकारी मंत्री ने अपनी कार्यशैली से शराब को इस प्रदेश में घर पहुंच सेवा बनाकर रख दिया है? उसके कारण शराब कारोबारियों के दिमाग आसमान पर हैं इसका एक एक मामला इन दिनों बहुत चर्चाओं में बना हुआ है जिस मामले को लेकर इस सरकार की दबंगाई भी लोगों को समझ में आ रही है, जिस सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव के बारे में यह कहते हैं कि वह मध्यप्रदेश का नाना पाटेकर हैं, इसी बात को लेकर प्रदेश के आम नागरिकों में इस बात की चिंता की जा रही है कि जब हमारे मुख्यमंत्री को उनके सहयोगी इस प्रदेश का नाना पाटेकर मानकर चलते हैं तो फिर इस स्थिति में वह भ्रष्ट अधिकारी जिन्होंने इन्हीं के शासनकाल के एक साल में लगभग 100 करोड़ रुपये की रिश्वत का लेनदेन किया और वहीं इस प्रदेश में शराब कंपनी के कारोबारी और माफियाओं की इतनी जुर्रत कि वह अपने क्षेत्र में अवैध शराब तो बेचने का काम करते ही हैं जिसकी वजह से प्रदेश में शराब ने घर पहुंच सेवा का रूप ले लिया है? लेकिन अब वह इस प्रदेश के प्रदूषण को ठीक करने वाले लोगों की पिटाई करने लगे और सरकार ने जिस आरओ की पिटाई हुई वह भी चुप और सके साथ सरकार भी चुप क्यों है।

मेष राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में किसी नए काम की शुरुआत होगी, परंतु अभी अधिक लाभ की उम्मीद ना रखकर पूरी तरह से मेहनत करें। आज ऑफिस में सहकर्मियों के साथ दोस्ताना व्यवहार रखें । ऑफिस में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली से कंपनी को फायदा होगा। आज दांपत्य जीवन सुखद और मधुरता से भरा रहेगा। आज नजदीकी लोगों के साथ मेल-मुलाकात और मनोरंजन संबंधी कामों में खुशनुमा समय बितेगा।

वृष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज बिजनेस में लेनदेन बहुत सोच-विचार कर करेंगे, जल्दबाजी में काम करने से बचे। आज आपके वित्तीय मामलों में सुधार आएगा। बैंकिंग सेक्टर में काम कर रहे लोग अपना टारगेट पूरा कर लेंगे । छात्रों के लिए समय अनुकूल है, किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अगर आप नया काम शुरू करना चाहते हैं, तो घर में बात करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपने प्रयासों और परिश्रम के उचित परिणाम हासिल होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता हैं। आज माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। सपोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

कर्क राशि- आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यवसायिक मामलों में परिस्थितियों के अनुसार व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है। अपने संपर्कों को और अधिक मजबूत करें। सरकारी सेवारत लोगों को अपने काम के प्रति आज सजग रहने की जरूरत है। आज पति-पत्नी के बीच उचित सामंजस्य रहेगा, मनोरंजक प्रोग्राम बनेगा। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। घर में व्यवस्थित और खुशहाल माहौल बना रहेगा। कुछ समय अपने लिए जरूर निकालें। आज व्यवसाय को लेकर की गई मेहनत आपकी तरक्की के द्वार खोलने वाली है। साझेदारी संबंधी व्यवसाय में आपसी तालमेल बनाकर रखना अच्छा रहाने वाला है। कन्या राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त होगे। आज का दिन प्रसन्नता और स्फूर्ति से भरा रहेगा। परिवारजनों के साथ किसी विशेष मुद्दे को लेकर सकारात्मक विचार-विमर्श होगा। आपकी योग्यता और काबिलियत की समाज और रिश्तेदारों के बीच सराहना होगी। आज युवाओं की गई मेहनत के शुभ परिणाम मिलने वाले हैं।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। आज अपने व्यक्तिगत जीवन से जुड़ा फैसला लेने का अनुकूल समय है। आपकी निपुणता और योग्यता लोगों के सामने आएगी। लाभदायक समय बना हुआ है । आपके नेतृत्व में आज बड़ा प्रोजेक्ट शुरू किया जायेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज अपने संपर्को को बढ़ाने पर जोर देंगे यह आपके लिए फायदेमंद साबित होगा । आज पुरानी समस्या का समाधान मिल जाने से मानसिक रूप से बहुत ही सुकून और राहत मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने किसी उपलब्धि से आत्मविश्वास बढ़ेगा । आज आपकी क्रिएटिविटी की लोग सराहना करेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखों की बढ़ोतरी होगी।

धनु राशि- आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज किसी विशेष काम को लेकर किए गए प्रयासों से बेहतर परिणाम मिलने वाले हैं । उधार दिया हुआ या कहीं फंसा हुआ पैसा मिल सकता है । अध्ययनरत युवाओं को सफलता मिलने के योग बने हुए है। अगर घर परिवर्तन संबंधी योजना बन रही हैं, तो आज उस पर अमल कर सकते हैं । आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

मकर राशि- आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आप योग की रूटीन अपनाएंगे, साथ ही नकारात्मक चीज़ों से आपको बचे रहना चाहिए। अगर किसी प्रकार की समस्या चल रही है तो जीवनसाथी या अनुभवी लोगों से विचार विमर्श करने से जरूर समाधान मिलेगा। आज अपना ध्यान.. आध्यात्मिक पुस्तकें पढ़ने में लगा सकते हैं ।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। आज सक्रिय और सकारात्मक रहने से अपनी दिनचर्या व्यवस्थित करने में सफल रहेंगे। सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतर समय बीतेगा । साथ ही महत्वपूर्ण लोगों से लाभदायक संपर्क भी बनेंगे । रुका हुआ आय का स्त्रोत शुरू हो सकता है। घर की सुख-सुविधाओं की जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है । आज आपके व्यापार का लाभ रोज के जैसा बना रहेगा। आज कार्यस्थल पर सभी जिम्मेदारियां खुद की निगरानी में ही पूरी करने की कोशिश करेंगे । सरकारी सेवारत लोग अपने कार्यालय में किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़े। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है।

तो कांग्रेस 2025 बहुत उत्साह से शुरु करती लेकिन कहीं उत्साह नहीं

शकील अख्तर

अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है।

भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी। गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल है। इस वर्ष वे बतौर प्रधानमंत्री 11 वर्ष पूरे करेंगे। वे तीसरी बार प्रधान मंत्री बने हैं। मीडिया ने बहुत उछाला कि नेहरू के रिकार्ड की बराबरी।

मगर नेहरू जब तक प्रधनमंत्री रहे 1964 तक तब तक उनके काम ही चर्चा के केन्द्र में रहे। और 27 मई 1964 के बाद आज तक भी वे ही टाक आफ द टाउन (जिसकी हर जगह चर्चा होती है, सिर्फ उसी की बातें होती हैं) हैं।नया साल शुरू हुआ है। बात तीन बार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम की होनी चाहिए। मगर नेहरू को रिप्लेस करके अगर कोई उस जगह चर्चा के केन्द्र में आता है तो वह फिर राहुल होते हैं।11 साल से या साढ़े दस साल कहें विपक्ष में ही हैं। मगर चाहे मीडिया हो या सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा और या मोदी सरकार सब 2024 के जाने से पहले और 2025 के आने के बाद भी राहुल को ही याद कर रहे हैं। वह तो हाथ में आया हरियाणा टपका दिया नहीं तो इस समय खाली याद ही नहीं कर रहे होते राहुल दिमाग में छाया होता। फोबिया हो जाता। लोकसभा चुनाव में शानदार ढंग से मोदी जी को 240 पर रोक लिया था।यह वैसा ही था जैसा 2017 के विधानसभा चुनाव में गुजरात में इसी राहुल ने भाजपा को 99 पर रोका था। मगर कन्सिस्टेन्सी (निरंतरता) जिसे भारतीय क्रिकेट टीम भी बार बार भूल जाती है नहीं रख पाने के कारण फिर अपने विरोधियों को नया मौका दे देती है। हरियाणा में कांग्रेस ने यही कहा। राहुल ने बहुत लूज शाट खेला था। यह कहकर कि यह आपस में लड़ जाते हैं फिर इन्हें एक करने का काम मेरा है।गुटबाजी की बात इतनी हल्की नहीं थी कि राहुल इस तरह का केजुअल शाट खेल देते। मगर राजस्थान में भी इस तरह खेला और नतीजा वही हुआ। मैच गंवा दिया।अब बेलगावी कर्नाटक के सीडब्ल्यूसी में घोषणा की है कि यह साल 2025 संगठन का साल बनाएंगे। देखते हैं! संगठन को लेकर क्या सोच है इनकी। वैसे तो दो साल से ज्यादा हो गए हैं खरगे जी को अध्यक्ष बने। अब तक तो सब हो जाना चाहिए था। जिनके हेड रोल्स (सख्त सज़ा) होना थे हो जाना चाहिए थे। और जिन नए लोगों को मौका मिलना था मिल जाना चाहिए था।

बेलगावी की सीडब्ल्यूसी में एक बात बहुत खास कही गई है। अगर इन लोगों ने खरगे, राहुल, प्रियंका ने कर दी तो कांग्रेस का रूप चेंज हो जाएगा। वह बात कही गई है कि हम संगठन के लिए लोगों को ढुंढ कर निकालेंगे।

यह काम इन्दिरा गांधी करती थीं। जनता में से पार्टी के सिम्पेथाइजर निकालना, उनमें से कार्यकर्ता बनाना और कार्यकर्ताओं को नेता बनाना। संगठन का तरीका ही यही है। आज की कांग्रेस को तो सिम्पेथाइजर शब्द मालूम ही नहीं होगा।

कार्यकर्ता को तो भूल ही गए हैं। और नेता वही दिखते हैं जो इस गोदी मीडिया को खुश करके उसमें खुद को दिखाते रहते हैं।पता नहीं राहुल प्रियंका के दिमाग में यह सवाल आता है कि नहीं कि इनसे पूछें कि तुम्हें यह मीडिया इतना दिखा कैसे देता है?जो रात दिन हम लोगों को कोसता रहता हो। कांग्रेस के नाम में ही कीड़े निकालता रहता हो वह तुमसे किस बात पर खुश है?मीडिया कांग्रेस के नाम पर खरगे, राहुल, प्रियंका को दिखाए, कांग्रेस की बातें बताए तब तो पार्टी को कुछ फायदा है। वरना इन कुछ नेताओं के मीडिया में चमकने से कांग्रेस को क्या फायदा?खैर हरियाणा में कांग्रेस ने अपना बहुत बड़ा नुकसान किया। अगर यह आपस में इस गंदे तरीके से नहीं लड़ते तो ईवीएम की कोशिशें भी शायद असफल हो जातीं।ईवीएम एक पहलू है। मगर जब पार्टी खुद ही कमजोर हो जाए तो ईवीएम को तो दूगनी ताकत से अपना खेल करने का मौका मिल जाता है।और मान लीजिए ईवीएम ने हराया तो फिर क्या यह भी मान लें कि आपने कोई गलती नहीं की। कोई नहीं चिल्ला रहा था कि मुझे मुख्यमंत्री बना दो।क्या मैं बनुंगा मुख्यमंत्री, मैं बनुंगी के प्रलाप से कोई नुकसान नहीं हुआ? तो फिर पार्टी अध्यक्ष खरगे ने नवंबर में दिल्ली की सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में यह क्यों कहा कि पार्टी के नेता एक दूसरे के हराने में लगे हुए थे?तो अगर हरियाणा नहीं गंवाया होता तो महाराष्ट्र में भी सीन यह नहीं होता। और 2025 कांग्रेस बहुत उत्साह से शुरू करती। लेकिन उत्साह कहीं नहीं है।भाजपा जिसमें होना चाहिए वह अपनी नकारात्मकता से निकल ही नहीं पा रही। गुजर गए मनमोहन सिंह से घबरा गई। उनके खिलाफ व्हट्सएप मुहिम शुरू कर दी।गांधी नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सब खराब हैं। और इनमें सबसे उपर राहुल। राहुल के पीछे ऐसे पड़े रहते हैं जैसे राहुल के बारे में अगर एक दिन भी खराब बोलना बंद कर देंगे तो राहुल छा जाएगा।

उन्हें यह नहीं मालूम कि राहुल तो छाया हुआ है। बस अपने खुद स्वभाव के कारण फिनिशर नहीं बन पा रहा। पहले भारत की क्रिकेट टीम के साथ भी यह समस्या थी।मगर फिर उन्होंने मैच फिनिश करना सीखा। मतलब खेले तो अच्छा और जीते भी। देखते हैं 2025 जिसके बारे में कांग्रेस ने अपनी बेलगावी सीडब्ल्यूसी की मीटिंग में बड़ी बड़ी घोषणाएं की हैं क्या होता है।संगठनका महत्व है अपना। मगर नेतृत्व का सबसे ज्यादा है। नेतृत्व अपने नेताओं को जवाबदेह बनाने वाला होना चाहिए। इन्दिरा गांधी का नेतृत्व तो डर पैदा करता था।डर इस बात का कि नेता गलत करेगा तो बचेगा नहीं। 1980 वापसी करते ही अर्जुन सिंह को बना दिया था मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री। सारे बड़े बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल प्रकाश चंद सेठी देखते रह गए। नया नेतृत्व पैदा कर दिया था।पता नहीं राहुल अपने मुख्यमंत्रियों से कामों का हिसाब किताब भी मांगते हैं या नहीं? ऐसे ही पार्टी के महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों, डिपार्टमेंट के चैयरमेनों से। यह काम नेतृत्व में किसी को करना पड़ेगा।खरगे खुद करें, प्रियंका करें। और राहुल जो वकाई कांग्रेस के सबसे बड़े जननेता हैं वे करें तो सबसे अच्छा।अभी राहुल का समय है। बीजेपी का कोई दांव कामयाब नहीं हो रहा। उनके विदेश जाने को मुद्दा बनाया जा रहा है। मगर नहीं बन रहा।लोग मानने लगे हैं कि राहुल उन जैसे हैं। हिप्पोक्रेट नहीं हैं। झूठे हार्ड वर्क 16- 18 घंटे काम करने की कहानी नहीं फैलाते हैं। छुट्टी जैसे हम सब मनाते हैं वह भी मनाते हैं। सबको मनाना भी चाहिए।मगर यह जो राहुल का समय है जिसे क्रिकेट में फार्म कहते हैं। हमेशा रहने वाला नहीं है। फार्म को हमेशा अस्थाई माना जाता है। टेंपरेरी। क्लास को परमानेंट। स्थाई। राजनीति में क्लास क्या है? उच्च स्थिति में।अपने निर्णयों को मनवाना। मेहनत तो राहुल बहुत करते हैं। जनता में भी बहुत जाते हैं। दो यात्राएं जबर्दस्त रहीं। समाज के अलग कामकाजी समूहों में जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष के तौर पर लोकसभा में प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। हर काम में परफेक्ट। मगर नेता का काम होता है लोगों से काम लेना। सबसे बड़ा काम वही है।

K K

राष्ट्रीय समाचार

रविवार, 05 जनवरी 2025, नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

पीएम मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव का किया उद्घाटन, कहा- 2014 से गांव के लोगों की सेवा में लगा हूं

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पीएम मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव का उद्घाटन किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह 2014 से गांव के लोगों की सेवा में लगे हैं। बता दें कि कि इस महोत्सव का विषय विकसित भारत 2047 के लिए एक समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण करना है और इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत की सराहना करना है। पीएम मोदी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में इस महोत्सव का उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने सभी को साल 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 2025 की शुरुआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का ये भव्य आयोजन भारत की विकासयात्रा का परिचय दे रहा है और एक पहचान बना रहा है। मैं इस आयोजन के लिए नाबार्ड को और अन्य सहयोगियों को बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि लाखों गांवों के हर घर तक पीने का साफ पानी पहुंच रहा है। आज डेढ़ लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर विकल्प मिल रहे हैं। हमने डिजिटल टेक्नालॉजी की मदद से देश के बेस्ट डॉक्टर और हॉस्पिटल को भी गांवों से जोड़ा है। टेलीमेडिसन का लाभ लिया है। ग्रामीण इलाकों में करोड़ों लोग ई संजीवनी के माध्यम से टेलीमेडिसन का लाभ उठा चुके हैं। कोविड के समय दुनिया को लग रहा था कि भारत के गांव इस महामारी से कैसे निपटेंगे? लेकिन हमने हर गांव में आखिरी व्यक्ति तक वैक्सीन पहुंचाई।पीएम मोदी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए ये आवश्यक है कि गांव में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए आर्थिक नीतियां बनें। हमें गर्व है कि हमारी सरकार ने गांव के हर वर्ग के लिए नीतियां बनाई हैं और निर्णय लिए हैं। 2 दिन पहले ही कैबिनेट ने पीएम फसल बीमा योजना को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की अनुमति दे दी है।

वैज्ञानिक आर चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ, उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे- पीएम मोदी

नई दिल्ली, (आरएनएस)। पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है।पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वे भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्हें पूरा देश कृतज्ञता के साथ याद करेगा और उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे।देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार तड़के 3.20 बजे मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली।11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में जन्मे डॉ. राजगोपाल चिदंबरम को भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने पोखरण-1 (1975) और पोखरण-2 (1998) के परमाणु परीक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी।

टीएमसी महिला सेल की सदस्यों ने कोलकाता में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से अपराजिता विधेयक के तत्काल कार्यान्वयन की मांग को लेकर विरोध रैली निकाली।

विविध-समाचार

तमिलनाडु की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 6 मजदूरों की हुई मौत

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां विरुधुनगर जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट हो गया है। इस विस्फोट की वजह से वहां काम कर रहे 6 मजदूरों की मौत हो गई है। विस्फोट के बारे में आशंका जताई जा रही है कि रसायनों को मिलाने की प्रक्रिया के दौरान यह धमाका हो गया, जिससे कम से कम एक कमरा क्षतिग्रस्त हो गया। इस कमरे में काम कर रहे 6 मजदूरों की मौत हो गई है। फिलहाल मौके पर राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है। इससे थोड़ी देर पहले ही एक अन्य घटना में तेलंगाना के यदाद्रि-भुवनगिरि जिले में भी एक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। यदाद्रि-भुवनगिरि जिले में शनिवार को हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह विस्फोट उस कारखाने में हुआ, जहां विस्फोटक सामग्री बनाई जाती है। फिलहाल घटना के जांच की जा रही है। साथ ही राहत का कार्य भी किया जा रहा है।

बोकारो में एनआईए की दबिश, नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी

बोकारो, (आरएनएस)। जिले में एनआईए की टीम ने दबिश दी है. बोकारो में नक्सलियों के बारे में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर एनआईए की आठ टीमें पहुंची हैं. नक्सल प्रभावित गोमिया के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एनआईए की टीम की छापेमारी जारी है. कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की सूचना मिल रही है. बोकारो के पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने एनआईए की टीम के बोकारो आने की पुष्टि की है,पुलिस अधीक्षक की माने तो एनआईए की टीम नक्सलियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर आई है और वह नक्सलियों से संबंध रखने वाले और नक्सली संगठन के बारे में अपनी जांच में लगी हुई है. टीम बोकारो जिले के उन इलाकों में छापेमारी कर रही है, जो झुमरा पहाड़ के नाम से जाना जाता है. झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित माने जाते रहे हैं।

दिल्ली में स्कूल के बाहर छात्र की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली(आरएनएस)। पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में हत्या की घटना सामने आई है. यहां राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में पढ़ने वाले दो छात्रों के बीच शुक्रवार को स्कूल के बाहर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया. इस दौरान एक छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर दिया. घायल छात्र को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक नौवीं कक्षा का छात्र है और पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके का रहने वाला था. पुलिस ने इस मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है.पुलिस के मुताबिक, छात्र शुक्रवार को एक्स्ट्रा क्लास के बाद जब घर जा रहा था, तभी स्कूल के ही एक छात्र से उसका उसका झगड़ा हो गया. इसके बाद आरोपी छात्र ने अपने कुछ साथियों को भी वहां बुला लिया और सभी ने मिलकर छात्र के साथ मारपीट की. इस दौरान आरोपियों में से एक ने चाकू निकालकर छात्र की जांघ पर वार कर दिया.हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया. इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पूर्वी दिल्ली के डीसीपी अभिषेक ने बताया कि घटना के बाद सभी आरोपी छात्र फरार हो गए थे. इसके बाद शकरपुर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई.जांच के लिए स्पेशल स्टाफ और एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड को भी लगाया गया. दोनों ही टीम ने शकरपुर थाने की पुलिस के साथ मिलकर सात आरोपियों को हिरासत में ले लिया है. आरोपियों से पूछताछ कर उनकी भूमिका का पता लगाया जा रहा है. इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि उनके बीच झगड़ा किस बात को लेकर हुआ था.

दूसरे की जमीन को अपना बताकर की 10 लाख की ठगी

रायपुर,(आरएनएस)। दूसरे की जमीन को अपना बताकर 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी डिकेश्वर सोनकर 31 वर्ष ग्राम खुड़मुड़ा अमलेश्वर का रहने वाला है। प्रार्थी ने पुरानी बस्ती थाना में शिकायत किया कि आरोपी उपेन्द्र चंद्राकर निवासी अश्वनी नगर पुरानी बस्ती ने ग्राम जमराव पाटन स्थित दूसरे की जमीन को अपना बताकर बयाना के तौर पर प्रार्थी से 10 लाख रुपए ले लिया। जब प्रार्थी को इस बात की जानकारी हुई तो उसने इसकी पुरानी बस्ती थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पहाड़ी राज्यों में आज से फिर शुरू होगी भारी बर्फबारी, बारिश की भी है चेतावनी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ी राज्यों में शनिवार से लेकर सोमवार तक भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। इसके चलते आस-पास के मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान में भारी गिरावट के साथ कोहरे का कहर जारी रहेगा।साथ ही तेज हवाओं के चलते शीतलहर का प्रकोप देखने को मिलेगा।जम्मू-कश्मीर में शनिवार रात से सोमवार सुबह तक चरम बर्फबारी का अनुमान लगाया जा रहा है। रात में कश्मीर का तापमान और कम हो गया।गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जो गुरुवार रात के माइनस 8.6 डिग्री से काफी अधिक है।आज कुकरनाग, कुपवाड़ा, श्रीनगर में तापमान माइनस 6 डिग्री तक जा सकता है।इधर, घने कोहरे से श्रीनगर हवाई अड्डे पर दृश्यता 300 मीटर तक गिरने से उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। आईएमडी के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 4 से 6 जनवरी तक किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, कांगड़ा, मंडी और चंबा सहित विभिन्न जिलों में बर्फबारी, तूफान, हल्की बारिश की

भविष्यवाणी का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

दूसरी तरफ, उत्तराखंड में आज मौसम साफ रहेगा। कोहरा या शीतलहर का अलर्ट नहीं है। ऐसा ही मौसम 9 जनवरी तक रहने वाला है।इसके अलावा पश्चिम विक्षोभ के कारण लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में हल्की से मध्यम बर्फबारी और बारिश का अनुमान है।राजधानी दिल्ली में भीषण ठंड की स्थिति बनी रहेगी और न्यूनतम तामपान 7.6 डिग्री या उससे नीचे जा सकता है। शनिवार और रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान जताया है।

अधिकांश स्थानों पर धुंध और मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है, जबकि सुबह के समय कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया रह सकता है।

खराब मौसम के कारण शुक्रवार को दिल्ली हवाई अड्?डे से 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई है।उत्तर प्रदेश में पछुआ हवाएं ठंड और बढ़ाएंगी है, जिससे पारा 4 डिग्री तक जा पहुंचा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गलन पड़ रही है।अगले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री का इजाफा हो सकता है। कई जिलों में शनिवार-रविवार को कड़ाके की ठंड पड़ने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

आगामी दिनों में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी रहने वाला है और 6 जनवरी को कुछ जिलों में बूंदाबांदी हो सकती है।राजस्थान के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में मौसम साफ रहेगा। प्रदेश में कोहरा कम होने और मौसम शुष्क होने के कारण कई शहरों में तापमान में वृद्धि देखी गई है।दिन के समय धूप निकलने से लोगों को सर्द हवाओं से कुछ राहत मिल रही है। IMD ने अगले हफ्ते से ठंड की वापसी के संकेत दिए हैं। बिहार में अगले 3 दिनों में राज्य के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार और परमाणु वैज्ञानिक आर चिदंबरम का 88 साल की उम्र में निधन

नईदिल्ली, (आरएनएस)। भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख वास्तुकार डॉ आर चिदंबरम का शनिवार सुबह मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे और कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे।चिदम्बरम ने 1974 और 1998 में भारत के परमाणु परीक्षणों में अहक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।उन्होंने अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते को अंतिम रूप देने में भी प्रमुख भूमिका निभाई थी, जिससे भारत दोबारा अंतरराष्ट्रीय परमाणु दायरे में आ गया।चेन्नई में जन्मे चिदंबरम ने बेंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान से पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। उसके बाद उन्होंने साल 1962 में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) में अपना करियर शुरू किया था।1974 में भारत के पहले परमाणु परीक्षण की डिजाइनिंग और क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। इस ऐतिहासिक घटना में उनके महान योगदान के लिए उन्हें 1975 में भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।चिदम्बरम को 1990 में बीएआरसी का निदेशक बनाया गया और उसके 3 साल बाद वे परमाणु ऊर्जा आयोग (एईसी) के अध्यक्ष बन गए।1993 से 2000 तक एईसी के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के दौरान भारत ने 1998 में अपना दूसरा परमाणु परीक्षण किया था।

मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने इंफाल में राजभवन में सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की.

बीजेपी ने 29 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, केजरीवाल को देंगे प्रवेश वर्मा चुनौती

-दिल्ली विधानसभा चुनाव

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली बीजेपी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. पहली लिस्ट में 29 उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं, जिनमें पूर्व सांसदों को भी बीजेपी ने मैदान में उतारा है. इसमें आदर्श नगर से राजकुमार भाटिया, बादली से दीपक चौधरी और रिठाला से कुलवंत राणा को उम्मीदवार बनाया गया है.इसके अलावा, नांगलोई जाट से मनोज शौकीन, मंगोलपुरी से राजकुमार चौहान, रोहिणी से विजेंद्र गुप्ता, शालीमार बाग से रेखा गुप्ता, मॉडल टाउन से अशोक गोयल, करोल बाग से दुष्यंत कुमार गौतम, पटेल नगर से राजेंद्र कुमार आनंद, राजौरी गार्डन से मनजिंदर सिंह सिरसा, जनकपुरी से आशीष सूद, बिजवासन से कैलाश गहलोत, नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा, जंगपुरा से सरदार तरविंदर सिंह मारवाह, मालवीय नगर से सतीश उपाध्याय, आरके पुरम से अनिल शर्मा, महरौली से गजेंद्र यादव और छतरपुर से करतार सिंह तंवर को मौका दिया गया है. वहीं अंबेडकर नगर से खुशी राम चुनार, कालकाजी से

रमेश बिधूड़ी, बदरपुर से नारायण दत्त शर्मा, पटपड़गंज से रविंद्र सिंह नेगी, विश्वास नगर से ओम प्रकाश शर्मा, कृष्णा नगर से अनिल गोयल, गांधीनगर से अरविंद सिंह लवली, सीमापुरी से कुमारी रिंकू, रोहतास नगर से जितेंदर महाजन और गोहाना से अजय महावर को उम्मीदवार बनाया गया है.इस बार नई दिल्ली सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है, जहां कांग्रेस से पूर्व सांसद संदीप दीक्षित, बीजेपी से पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा और आम आदमी पार्टी से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगे. इसके अलावा पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी कालकाजी से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को टक्कर देते हुए नजर आएंगे।

इसरो का एक और बड़ा कमाल, अंतरिक्ष में अंकुरित हुए लोबिया के बीज, जल्द निकलेंगे पत्ते

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी कि इसरो नए एक और बड़ा कमाल किया है। इसरो ने अंतरिक्ष में लोबिया के बीजों को अंकुरित कराने में सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि जल्द ही इनमें से पत्ते भी निकलेंगे। बता दें कि इसके साथ ही इसरो ने कम गुरुत्वाकर्षण में पौधों की वृद्धि का अध्ययन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इस प्रयोग से वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि अंतरिक्ष में पौधों की वृद्धि कैसे होती है जिससे लंबे स्पेस ऑपरेशन्स में काफी मदद मिल सकती है।इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक ट्वीट करके इस बारे में जानकारी दी। उसने लिखा, 'स्पेस में जीवन का आरंभ! वीएसएससी का सीआरओपीएस (कंपैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) प्रयोग पीएसएलवी-सी60 पीओईएम-4 पर सफलतापूर्वक हुआ। चार दिन में लोबिया के बीजों में हुआ अंकुरण, पत्तियां जल्द ही निकलने की उम्मीद।' बता दें कि लोबिया के इन बीजों को स्पेड एक्स मिशन के साथ 30 दिसंबर को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से भेजा गया था।

दिल्ली में सरकार बनने के बाद पानी के गलत बिल होंगे माफ

-अरविंद केजरीवाल का ऐलान

नईदिल्ली , (आरएनएस)। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा ऐलान किया है।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पानी के बिल गलत आए हैं, चुनाव के बाद उनके बिल माफ किए जाएंगे।

केजरीवाल ने कहा, लोगों को जो गलत पानी के बिल मिले हैं, उसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार बनने के बाद जो भी गलत बिल आए हैं, उन सभी को हम माफ कर देंगे।

केजरीवाल ने कहा, दिल्ली में सभी परिवारों को 20-20 हजार लीटर पानी मुफ्त दिया जाता है। 12 लाख से ज्यादा परिवारों के पानी बिल जीरो आते हैं। मगर जब मैं जेल गया तो इन्होंने पीछे से कुछ तो गड़बड़ की कि हर महीने लाखों-हजारों के बिल आने लगे। मैं ऐलान करता हूं कि जिन्हें लगता है कि उनके बिल गलत आए हैं, उन्हें बिल भरने की जरूरत नहीं है। चुनाव के बाद हम इन बिलों को माफ करवा देंगे।

केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस और भाजपा को औपचारिक रूप से ऐलान कर देना चाहिए के वे दिल्ली में एकसाथ चुनाव लड़ रहे हैं। ये लोग केवल गालियां देकर चुनाव जीतना चाहते हैं। आप कह रही है कि 10 साल में हमने जो काम किए हैं, उनके दम पर हमें वोट दो। वहीं, भाजपा कह रही है कि हमने 10 साल में केजरीवाल को इतनी गालियां दी। आने वाले 5 साल में और अच्छी-अच्छी गालियां देंगे।

केजरीवाल ने सरकार बनने पर मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये महीने देने का ऐलान किया था।बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना के तहत हर श्रेणी के 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा।

महिला सम्मान योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे, जिसे चुनाव बाद बढ़ाकर 2,100 रुपये किए जाएगा।इसके अलावा ऑटो चालकों और दलित छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का ऐलान भी केजरीवाल ने किया है।दिल्ली में फरवरी, 2025 में विधानसभा चुनाव होना है। आप ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है।

धुंध का कहर! कारों की टक्कर के बाद उनके ऊपर पलटा ट्रक, कई लोग दबे, 2 की मौत

हिसार, (आरएनएस)। जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। यहां ठंड की वजह से कोहरा भी पड़ रहा है, जिसकी वजह से सड़क पर वाहनों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इसी बीच हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर दो कारों के बीच टक्कर हो गई। दोनों कारों की टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ट्रक भी अनियंत्रित हो गया और इन दोनों कारों के ऊपर पलट गया। ट्रक पलटने की वजह से दोनों कारों में सवार लोग उसके नीचे दब गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। उकलाना के पास हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर धुंध कारण बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है। ये सड़क हादसा उकलाना के सूरेवाला चौक पर हुआ, जिसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है धुंध के कारण कि हाइवे पर एक कार डिवाइटर से टकरा गई, जिसके बाद इसके पीछे आ रही है एक और कार भी उससे टकरा गई।

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम पर शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ शानदार तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें उनका ग्लैमरस अंदाज देखने लायक है. तस्वीरों में जान्हवी ने सिल्वर शिमरी टॉप और बेल्ट स्टाइल ग्रे स्कर्ट पहना हुआ है, जो उन्हें एक डिवा लुक दे रहा है. जान्हवी ने अपने लुक को खुले कर्ली बालों और न्यूड ग्लो मेकअप के साथ पूरा किया है. उनकी स्टाइलिंग में शार्प कॉन्टूरिंग और हाईलाइटर का परफेक्ट इस्तेमाल देखा जा सकता है, जो उनके चेहरे पर ग्लो एड करता है.

इन तस्वीरों में जान्हवी ने दीवार के पास खड़े होकर स्टाइलिश पोज दिए हैं, जिससे उनकी अदाएं और भी कातिलाना लग रही हैं. पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, पुश 2 स्टार्ट और इस पर फैंस से लेकर सेलेब्स तक जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं. मृणाल ठाकुर ने फायर इमोजी के साथ उनकी तारीफ की, वहीं फैंस ने भी उन्हें स्ले क्वीन और स्टनिंग कहकर सराहा है. जान्हवी के इस पोस्ट को अब तक 6.5 लाख से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं, जो उनकी पॉपुलैरिटी को साबित करता है. उनकी यह ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं.

मैडॉक फिल्म्स का बड़ा धमाका, स्त्री 3, भेड़िया 2 और महा मुंज्या समेत हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

2024 में स्त्री 2 और मुंज्या ने अपनी जबरदस्त कहानी से दर्शकों का दिल जीत लिया और तभी से दर्शक इन फिल्मों की अगली कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. लेकिन अब मेकर्स ने दर्शकों के इंतजार को खत्म करते हुए स्त्री 3, महा मुंज्या और भेड़िया समेत मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्मों का अनाउंसमेंट किया है. तो आइए जानते हैं ये फिल्में कब रिलीज होगी इनके बड़े पर्दे पर आने के लिए दर्शकों को और कितना इंतजार करना होगा.मैडोक फिल्म्स ने हाल ही में एक जबरदस्त पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसमें उन्होंने अपकमिंग 8 हॉरर-कॉमेडी फिल्मों का अनाउंसमेंट किया. पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा, दिनेश विजान मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में प्रस्तुत करते हैं जो आपको हंसी, खौफ, रोमांच और चीखों की वाइल्ड राइड पर ले जाएंगी.थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अपारशक्ति खुराना, परेश रावल जैसे कलाकार होंगे. यह फिल्म 2025 दिवाली के लिए शेड्यूल हुई है. इसके बाद 31 दिसंबर 2025 को शक्ति शालिनी सिनेमाघरों में रिलीज होगी जिसके बारे ज्यादा डिटेल सामने नहीं आई है. वहीं वरुण धवन की भेड़िया की सीक्वल भेड़िया 2 साल 2026 में 14 अगस्त के लिए शेड्यूल हुई है जिसके बाद 4 दिसंबर 2026 को चामुंडा रिलीज होगी.स्त्री फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त स्त्री 3 साल 2027 में 13 अगस्त को रिलीज होगी. 2024 में स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. इसकी कहानी, ह्यूमर ने दर्शकों का दिल जीत लिया. फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पकंज त्रिपाठी, अभिषेक बैनर्जी ने खास रोल प्ले किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन का कैमियो था वहीं तमन्ना भाटिया ने इसमें स्पेशल डांस किया था. इसी साल रिलीज हुई मुंज्या का सीक्वल महा मुंज्या 24 दिसंबर 2027 को रिलीज होगी. मुंज्या में अभय वर्मा और शरवरी वाघ लीड रोल में थीं. वहीं 2028 के लिए दो फिल्मों पहला महायुद्ध 11 अगस्त और दूसरा महायुद्ध 18 अक्टूबर के लिए शेड्यूल किया गया. इनके बारे में ज्यादा डिटेल सामने नहीं आई है.

आयरा बंसल तेलुगु फिल्मों में डेब्यू करेंगी

गोविंदा और वरुण शर्मा की फाई डे फिल्म की को-स्टार आयरा बंसल ने हाल ही में अपनी तेलुगु डेब्यू फिल्म की शूटिंग पूरी की है, जो 2025 में रिलीज होगी। आगरा की रहने वाली और अभिनेत्री आयरा बंसल ने फाई डे, 36 फार्म हाउस और द जोया फैक्टर जैसी फिल्में की हैं और वह साउथ में डेब्यू करने के लिए काफी उत्साहित हैं।

अपनी आने वाली फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मेरी तेलुगु डेब्यू एक एक्शन फिल्म है, जिसका नाम शिवा-द फाइटर है। इस फिल्म में मैं इंदुकुरी सुनील वर्मा, विकास वशिष्ठ और पोसानी कृष्ण मुरली के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर रही हूं। फिल्म की डबिंग और पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है, एक बार यह जल्दी ही पूरा हो जाए तो मैं इसके बारे में और बात कर पाऊंगी।

म्यूजिक वीडियो में काम करने से आयरा को और काम मिलने में मदद मिली। उन्होंने राजू खेर के साथ सिंगल मेरी बिटिया,अली मर्चेंट के साथ है कहाँ, विनय बावा के साथ बुके और दो पागल में काम किया है। आयरा को लगता है की भगवान की खास कृपा है उनपे, क्योंकि उन्हें अपनी पिछली फिल्मों में कई बहुमुखी प्रतिभा वाले अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला। मैं खुद को भाग्यशाली महसूस करती हूँ, क्योंकि मुझे अपनी फिल्म फाई डे में गोविंदा और वरुण शर्मा जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला।जैसा कि हम जानते हैं की उनकी कॉमिक टाइमिंग सबसे अच्छी है। दूसरी ओर, मुझे 36 फार्म हाउस में संजय मिश्रा और विजय राज जैसे गंभीर अभिनेताओं और विनीत कुमार सिंह, सौरभ शुक्ला और अन्य के साथ आधार में काम करने का मौका मिला। सेट पर उनके साथ जितना भी समय बिताने का मौका मिला, मैंने उनसे जितना हो सका सीखने की कोशिश की और खुद को एक अभिनेता के रूप में निखारा,

आयरा ने अनुभवी अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बारे में चर्चा करते हुए कहा। फिल्मों और संगीत वीडियो के अलावा, आयरा ने भारत और अमेरिका में कई फैशन डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक किया है। आयरा बंसल बिग बॉस सीजन 17 की प्रतिभागी और अभिनेत्री सोनिया बंसल की बहन हैं, लेकिन उन्हें अपना सारा काम ऑडिशन देकर और कास्टिंग एजेंसी की मदद से मिला है। वह खुद को खुशकिस्मत मानती हैं कि उनकी बहन सोनिया उनसे पहले इंडस्ट्री में इंटर किया और जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, तो वह उनसे मार्गदर्शन ले सकती हैं।



पुष्पा 2 का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा, वर्ल्डवाइड कमाए 1,799 करोड़, 4 हफ्तों में तोड़ा बाहुबली 2 रिकॉर्ड

अल्लू अर्जुन की धांसू एक्शन फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने चौथे हफ्ते में एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसने रिबेल स्टार प्रभास की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि 29वें दिन सुकुमार की निर्देशित फिल्म के कलेक्शन में 46 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई. फिल्म ने 29वें दिन अब तक की सबसे कम कमाई की है.

सुकुमार की निर्देशित एक्शन पुष्पा 2 तमाम विवादों के बीच भी बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बना और तोड़ रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में 5.1 करोड़ रुपये कमाए, जिसमें से 1.18 करोड़ रुपये तेलुगू से, 3.75 करोड़ रुपये हिंदी से, 0.15 करोड़ रुपये तमिल से, 0.01 करोड़ रुपये कन्नड़ से और 0.01 करोड़ रुपये मलयालम से आए. चौथे हफ्ते में फिल्म का टोटल कलेक्शन करीब 69.75 करोड़ रुपये रहा.

अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म का सबसे ज्यादा कारोबार हिंदी भाषा से हुआ है. दूसरे नंबर पर 13.59 करोड़ रुपये के साथ तेलुगू वर्जन हैय. तमिल ने 2.15 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि कन्नड़ और मलयालम क्रमश: 0.19 करोड़ रुपये और 0.07 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ चौथे और पांचवें पायदान पर हैं. 29 दिनों के परफॉर्मेंस के बाद पुष्पा 2 ने भारत में सभी भाषाओं में कुल 1189.85 करोड़ रुपये कमाए हैं.

पुष्पा 2 हिंदी बेल्ट में शानदार परफॉर्म कर रही है. इसने रिलीज के 29वें दिन 3.75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. हालांकि यह चौथे हफ्ते में 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में नाकाम रही, लेकिन इसके करीब जरूर पहुंच गई है.

मेकर्स के मुताबिक, पुष्पा 2 ने 25 दिनों में 770.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं, 26वें दिन 5.5 करोड़ और 27 वें दिन 6.25 करोड़ रुपये कमाए. 28वें दिन इसके कलेक्शन में उछाल आया और दिन 9.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. बड़ी उछाल के बाद एक बार फिर पुष्पा 2 का ग्राफ गिरा. 29वें दिन पुष्पा 2 हिंदी वर्जन ने 3.75 करोड़ रुपये कमाए, जो इसकी अब तक की सबसे कम कमाई है. 29 दिनों के बाद, पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में कुल कलेक्शन 795.25 करोड़ रुपये हो गए हैं.

पुष्पा 2 के मेकर्स ने फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में अपडेट दिया है. मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पराज का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, पुष्पा 2 अपनी रिकॉर्ड तोड़ कमाई के साथ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. वाइल्डफायर ब्लॉकबस्टर ने 4 हफ्तों में दुनियाभर में 1799 करोड़ की कमाई की. इसी के साथ पुष्पा 2 ने प्रभास की फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली 2 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सैकनिल्क के मुताबिक, बाहुबली 2 ने दुनियाभर में 1788.06 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया था.

लवयापा का टाइटल ट्रैक आउट, जुनैद खान-खुशी कपूर के बीच जबरदस्त दिखी केमिस्ट्री

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान के बेटे जुनैद खान अपनी आगामी फिल्म लवयापा की रिलीज के लिए तैयार है. रिलीज से पहले मेकर्स ने जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज किया है. इस गाने में सोशल मीडिया के दौर में जुनैद और खुशी के बीच की मजेदार केमिस्ट्री दिखाई गई है. नक्श अजीज और मधुबंती बागची ने इस गाने को अपनी आवाज दी है.

जी म्यूजिक कंपनी ने इंस्टाग्राम पर गाने की झलक पेश की है और कैप्शन में लिखा है, बाबू शोना करते-करते हो गया दिमाग का भजियापा? खैर, यह लवयापा की शुरुआत है. लवयापा हो गया गाना रिलीज हो गया है. लवयापा इस वैलेंटाइन वीक में 7 फरवरी 2025 से सिनेमाघरों में.

यह आगामी रोमांटिक कॉमेडी 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होगी. लाल सिंह चड्ढा का निर्देशन करने वाले अद्वैत चंदन इस प्रोजेक्ट को निर्देशित करने के लिए आए हैं. फिल्म का निर्माण फैंटम स्टूडियो और एजीएस एंटरटेनमेंट ने किया है. मेकर्स के अनुसार, लवयापा प्यार और उसकी कॉम्प्लिकेशन की एक उलझी हुई कहानी है जिसमें मस्ती और मजाक दोनों है, जो एक सिनेमाई ट्रीट बनने जा रही है.

विनीत कुमार सिंह की फिल्म मैच फिक्सिंग की नई रिलीज का ऐलान, नया पोस्टर भी जारी

अभिनेता विनीत कुमार सिंह का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की सूची में शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई है।पिछली बार उन्हें वेब सीरीज रंगबाज: डर की राजनीति में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह जी5 पर उपलब्ध है।पिछले काफी समय से विनीत अपनी आगामी फिल्म मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा में हैं। आखिरकार अब फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान हो गया है।

राजनीतिक थ्रिलर मैच फिक्सिंग: द नेशन एट स्टेक पहले 15 नवंबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म का नया पोस्टर भी सामने आया गया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है।इसमें अनुजा साठे और मनोज जोशी जैसे सितारे भी नजर आएंगे। केदार गायकवाड़ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब, द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है। फिल्म की कहानी अनुज एस मेहता ने लिखी है। फिल्म में राजनीतिक बैकग्राउंड बखूबी दिखाया जाएगा। यही नहीं, मैच फिक्सिंग में भारत और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों के बीच मुठभेड़ और आतंकी हमलों को भी पर्दे पर जीवंत तरीके से दिखाया जाएगा। अगर आप भी थ्रिलर फिल्में देखने के शौकीन हैं तो यह फिल्म देखने के लिए तैयार हो जाइए।

नीम की लकड़ी के कंघे से बालों को मिलेंगे ये 5 फायदे, जानें कैसे करें इस्तेमाल

बालों की देखभाल के लिए सही कंघे का चुनाव बहुत अहम होता है।आजकल बाजार में कई तरह के कंघे उपलब्ध हैं, लेकिन नीम की लकड़ी से बने कंघे का उपयोग आपके बालों के लिए विशेष लाभकारी हो सकता है।यह न केवल बालों को स्वस्थ रखता है बल्कि उन्हें प्राकृतिक चमक भी प्रदान करता है।इस लेख में हम आपको बताएंगे कि नीम की लकड़ी के कंघे का इस्तेमाल करने से बालों को क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

बालों की जड़ों को बना सकता है मजबूत

नीम की लकड़ी का कंघा बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करता है। जब आप इस कंघे से अपने बाल संवारते हैं तो यह आपके स्कैल्प पर हल्का मसाज करता है, जिससे रक्त संचार बढ़ता है।इससे आपके बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और उनका गिरना कम होता है। इसके अलावा यह खोपड़ी में मौजूद गंदगी और तेल को भी साफ करता है, जिससे आपका स्कैल्प स्वस्थ रहेगा।

रूसी और खुजली से दिला सकता है राहत

नीम अपने एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है, जो रूसी और खुजली जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करता है।नीम की लकड़ी का कंघा नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर स्कैल्प पर जमा बैक्टीरिया और फंगस को खत्म कर देता है।इससे न केवल खुजली कम होती है बल्कि रूसी भी धीरे-धीरे समाप्त हो जाती हैं। इसके अलावा यह स्कैल्प को साफ और स्वस्थ बनाए रखने में भी सहायक होता है।

बालों का सुलझाना होता है आसान

नीम की लकड़ी का कंघा आपके उलझे बालों को आसानी से सुलझाने में मदद करता है। इसकी चिकनी सतह के कारण यह बिना खींचतान के बालों को सुलझा देता है, जिससे बाल टूटते या झड़ते नहीं हैं।इसके अलावा यह बालों की लंबाई बनाए रखने में भी सहायक होता है। इसका नियमित उपयोग करने से आपके बाल स्वस्थ और मजबूत बने रहते हैं, जिससे उनका गिरना भी कम होता है।

बालों में ला सकता है प्राकृतिक चमक

नीम की लकड़ी के कंघे का नियमित उपयोग आपके बालों को प्राकृतिक चमक देता है।जब आप इस कंघे से बाल संवारते हैं तो नीम का तेल धीरे-धीरे स्कैल्प पर फैलता है, जिससे बाल मुलायम और चमकदार बनते हैं।यह तेल बालों को नमी और पोषण प्रदान करता है, जिससे वे उलझने से बचते हैं और टूटने से भी सुरक्षित रहते हैं।नीम के कंघे का उपयोग आपके बालों को स्वस्थ और आकर्षक बनाए रखता है।

पर्यावरण अनुकूल विकल्प

नीम की लकड़ी का कंघा पर्यावरण के लिए एक अनुकूल विकल्प है। यह जैविक पदार्थों से बना होता है, जो प्रदूषण नहीं फैलाते।प्लास्टिक या धातु के कंघों के विपरीत, यह प्राकृतिक रूप से सुरक्षित है।इसके अलावा नीम की लकड़ी का कंघा लंबे समय तक चलता है, जिससे बार-बार नया खरीदने की जरूरत नहीं पड़ती।यह टिकाऊ और मजबूत होता है, जो आपके बालों को बिना नुकसान पहुंचाए संवारता है और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है।

सर्दियों में इन 4 लोगों को नहीं खानी चाहिए फूलगोभी, नहीं तो बढ़ सकती है समस्याएं

आजकल बाजारों में हरी-भरी ताजी फूलगोभी की सब्जियों काफी मात्रा में मिल रही हैं. फूलगोभी सब्जी कई विटामिन और पोषक तत्वों से भरपूर है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद अच्छा होता है. फूलगोभी में ऐसे कई पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को स्वस्थ बनाने में काफी मदद करते हैं. फूलगोभी में विटामिन सी, विटामिन ए और विटामिन बी जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. जोकि शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं. लेकिन सर्दियों के मौसम में हर रोज फूलगोभी खाने से कुछ लोगों को कई सारी दिक्कते हो सकती है. आइए जानते हैं फूलगोभी खाने के नुकसान के बारे में...

इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए फूलगोभी-

गैस और एसिडिटी में न खाएं फूलगोभी

जिन लोगों को खान-पान से गैस और एसिडिटी की समस्या होती है. उन लोगों को सर्दियों के मौसम में फूलगोभी का सेवन कम करना चाहिए. क्योंकि फूलगोभी में कार्बोहाइड्रेट होता है, जो पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ाता है. ऐसे में फूलगोभी की सब्जी या पराठा खाने के बाद आपको गैस और पेट फूलने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है.

थायराइड में न खाएं

अगर आपको थायरॉइड की समस्या है तो आपको भूलकर भी फूलगोभी नहीं खानी चाहिए. इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है. फूलगोभी खाने से थायरॉइड ग्रंथि की आयोडीन की क्षमता कम हो जाती है. इससे काफी परेशानी हो सकती है. इसलिए थायरॉइड के मरीजों को फूलगोभी कम से कम खाना चाहिए.

पथरी होने पर न खाएं

पथरी की समस्या से परेशान लोगों को फूलगोभी का सेवन भी नहीं करना चाहिए. ये काफी हानिकारक हो सकता है. खासकर अगर आपको पित्ताशय और किडनी में पथरी है तो आपको फूलगोभी खाने से बचना चाहिए. फूलगोभी में कैल्शियम होता है जो पथरी की समस्या को और बढ़ा सकता है.

बढ़ सकती हैं ट्रंप की मुश्किलें? पोर्न स्टार केस में 10 जनवरी को सजा का ऐलान

वाशिंगटन(ए)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शपथ से पहले मुश्किलें बढ1 सकता हैं। पोर्न स्टार को पैसे देने के मामले में फंसे डोनाल्ड ट्रंप को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। एक जज के मुताबिक अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को 10 जनवरी को सज सुनाई जाएगी। जस्टिस जुआन मर्चन के फैसले का मतलब है कि ट्रंप को 20 जनवरी को शपथ ग्रहण से महज 10 दिन पहले अदालत की सुनवाई में पेश होना होगा। जज ने कहा कि 78 वर्षीय ट्रंप इस सजा के दौरान व्यक्तिगत या वर्चुअल तौर पर पेश हो सकते हैं। उन्होंने लिखा कि वह ट्रम्प को जेल की सजा देने के इच्छुक नहीं थे। इस सजा के दौरान ट्रंप को हिरासत या जुर्माना भी नहीं भुगतना होगा। उन्होंने कहा कि यह सबसे व्यवहारिक समाधान होगा। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहाकि इस केस में कोई सजा नहीं होगी। उन्होंने कहाकि यह कानूनविहीन मामला कभी नहीं लाया जाना चाहिए था, और संविधान मांग करता है कि इसे तुरंत खारिज कर दिया जाए। जस्टिस मर्चन ने राष्ट्रपति चुनाव में जीत के चलते मामले को खारिज करने के ट्रम्प के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने सजा के लिए अपनी योजना की घोषणा की। ट्रंप के बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी थी कि राष्ट्रपति पद के दौरान उनके ऊपर मामला चलने से उनके कार्यकाल पर असर पड़ेगा। मर्चन ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

नेपाल के बाल गायक सचिन ने 15 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

कांठमांडू,(ए)। नेपाल के प्रसिद्ध बाल गायक सचिन परियार का निधन हो गया है। महज 15 साल की उम्र में सचिन की ऑक्सीजन की कमी और हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हुआ है। काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था, जहां 2 जनवरी को उन्होंने दुनिया को अलविदा कहा। मीडिया रिपोर्ट में अस्पताल सूत्रों के मुताबिक सचिन कई सालों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और पांच साल तक इलाज के बावजूद उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ।सचिन के निधन से उनके प्रशंसकों और परिवार गहरे सदमें में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सचिन की मां और पिता अपने बेटे के निधन के बाद सुदबुद खो चुके हैं। इंटरनेट पर सामने आए वीडियो में सचिन के अंतिम संस्कार के दृश्य में उनके माता-पिता को रोते बिलखते देखा गया। सचिन की मां की चीखें दिल दहला देने वाली थीं, क्योंकि वह अपने बेटे को खोने के दुख सह नहीं पा रही थी।

इजरायल ने गाजा को फिर बनाया निशाना, 24 की मौत

गाजा (आरएनएस)। इजरायल ने एक बार फिर गाजा को निशाना बनाया है। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा पट्टी पर हमले किए, जिसमें 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इसके साथ ही इजरायली सेना ने चेतावनी दी कि वह उत्तरी गाजा में एक अस्पताल पर बमबारी करेगी।

गाजा के नागरिक सुरक्षा ने एक बयान में कहा कि गाजा शहर के पूर्व में स्थित अल-सैयद अली इलाके में शुक्रवार को हवाई हमले किए गए, जिसमें चार बच्चों और एक महिला सहित सात लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, इससे पहले गाजा शहर के पश्चिम में अल-शिफा अस्पताल के एंट्री गेट के पास हुए हवाई हमले में पांच लोगों की मौत हो गई और कुछ घायल हो गए थे। इस बीच, अल-अहली अरब अस्पताल ने पुष्टि की कि उसे गाजा शहर के पश्चिम में अल-नस्र स्ट्रीट पर हवाई हमले में मारे गए पांच लोगों के शव मिले हैं। पैरामेडिक्स ने बताया कि अल-जैतून और अल-सबरा इलाकों में हवाई हमलों के बाद मेडिकल टीमों ने तीन बच्चों सहित पांच और शव बरामद किए। इसके अलावा मध्य गाजा में दो लोगों की मौत उस समय हुई, जब एक इजरायली हमले ने अल-जावीदा शहर में एक नागरिक कार को निशाना बनाया।

मैक्सिको का उपयोग डिपोर्टेशन हब के रुप में करने की अनुमति देंगे-शीनबाम

वाशिंगटन (आरएनएस)। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने हाल ही में एक बड़ा और अप्रत्याशित फैसला लेते हुए यह घोषणा की है कि वह अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मैक्सिको का उपयोग एक डिपोर्टेशन हब के रूप में करने की अनुमति देंगी।

इस हब का इस्तेमाल केवल मैक्सिकन प्रवासियों के लिए नहीं बल्कि अन्य देशों से आए गैर-मैक्सिकन प्रवासियों को भी निर्वासित करने के लिए किया जाएगा। मैक्सिको की राष्ट्रपति ने अचानक अपने पहले के रुख को बदलते हुए एक बयान में कहा हम उन्हें यहां स्वीकार करेंगे। हम उन्हें सही तरीके से स्वीकार करेंगे और हमारे पास एक योजना है। यह बयान मैक्सिको और अमेरिका के बीच आव्रजन और निर्वासन के मुद्दे पर एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है। बयान में कहा गया, असल में मैक्सिको पर ड्रग कार्टेल का नियंत्रण है। जैसे-जैसे राष्ट्रपति शपथ ग्रहण समारोह करीब आ रहा है दुनियाभर के नेताओं का झुकाव बढ़ता दिखाई देगा। इससे पहले उन्होंने शुरुआत में यह स्पष्ट कर दिया था कि मैक्सिको निर्वासित अवैध प्रवासियों को स्वीकार नहीं करेगा। यह घोषणा अमेरिका से मैक्सिको लौटाए जा रहे अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर थी।

सीरिया के विदेश मंत्री असद ने कतर, यूएई, जॉर्डन दौरे की घोषणा की

दमिश्क (आरएनएस)। सीरिया के अंतरिम विदेश मंत्री असद अल-शैबानी ने शुक्रवार को स्थिरता, सुरक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास में आने वाले सप्ताह में कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और जॉर्डन दौर के योजना की घोषणा की। अल-शैबानी ने सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद एक्स पर एक पोस्ट में यह टिप्पणी की। सऊदी अरब में उन्होंने और अन्य सीरियाई अधिकारियों ने संबंधों को मजबूत करने और देश के पुनर्निर्माण के लिए समर्थन सुरक्षित करने की मांग की। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि ये दौरे स्थिरता, सुरक्षा, आर्थिक पुनरुद्धार और विशिष्ट साझेदारियों के निर्माण में योगदान देंगे।दिसंबर की शुरुआत में राष्ट्रपति बशर अल-असद सरकार के पतन के बाद गठित सीरिया का नया नेतृत्व क्षेत्रीय शक्तियों के साथ राजनयिक संपर्क स्थापित करने के लिए काम कर रहा है। अल-शैबानी की रियाद की पूर्व यात्रा ने सत्ता परिवर्तन के बाद सऊदी और सीरियाई अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक के रूप में ध्यान आकर्षित किया।

जावानी बरकरार रखने के जनून में अपने बेटे का खून ट्रांसफ्यूज करवाएंगी 47 साल की महिला, बनना चाहती है, हूमन बार्बी

न्यूयॉर्क , (आरएनएस)। अमेरिका से हैरानजनक मामला सामने आया है। यहां 47 साल की महिला मार्सेला इग्लेसिया का मानना है कि अगर वह अपने बेटे का खून अपने शरीर में ट्रांसफ्यूज करवाएंगी तो उसकी जवानी हमेशा के लिए बरकरार रहेगी। महिला का कहना है कि उसे बुढ़ापा पसंद नही है। जवान रहने के लिए वह अब तक कॉस्मेटिक सर्जरी पर 99,000 डॉलर (यानि लगभग 85 लाख रुपये) खर्च कर चुकी हैं। अब ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाने जा रही हैं। महिला खुद को 'ह्यूमन बार्बी' कहती हैं।अमेरिका की मार्सेला इग्लेसिया ने कहा की वह अपने आप को जवान रखने के लिए अपने बेटे के खून को अपनी बॉडी में ट्रांसफ्यूज करवाएंगी। बेटा भी उनके इस फैसले से खुश है तथा उसका कहना है कि वह अपनी दादी के लिए भी ऐसा करवाने की ख्वाहिश रखता है। रिपोर्ट के अनुसार, महिला का मानना है कि इस प्रक्रिया से शरीर के सिस्टम में युवा कोशिकाओं को बनाए रखने में मदद होगी। खासकर, अगर डोनर आपका बेटा हो। इग्लेसिया अब ब्लड ट्रांसफ्यूजन करवाने के लिए डॉक्टर तलाश रही हैं। इसके साथ-साथ वह सख्त डाइट फॉलो करती है। दिन में एक घंटे कसरत और आठ घंटे की नींद लेती है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पहली बार 6 भारतीय मूल के नेताओं ने ली शपथ, कौन था पहला भारतीय-अमेरिकन सांसद

वाशिंगटन (ए)। भारतीय अमेरिकियों के लिए शुक्रवार का दिन खास रहा। समुदाय के 6 नेताओं ने प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के रूप में शपथ ली। कांग्रेस के निचले सदन के लिए यह भारतीय अमेरिकियों का अब तक सबसे बड़ा शपथ ग्रहण था।

शपथ लेने वालों में कांग्रेस सदस्य डॉ. अमी बेरा सबसे वरिष्ठ हैं। उन्होंने कैलिफोर्निया के सातवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट के प्रतिनिधि के रूप में लगातार सातवीं बार शपथ ली। बेरा ने सदन के पटल से सभी छह भारतीय अमेरिकी कांग्रेसियों की एक तस्वीर भी पोस्ट की।वर्जीनिया के 10वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुभाष सुब्रमण्यन प्रतिनिधि सभा के सदस्य बनने वाले सबसे नए भारतीय अमेरिकी हैं। उन्होंने इस अवसर पर अपने परिवार और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की।सभी छह भारतीय अमेरिकी सांसद डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं और उन्होंने सदन के स्पीकर पद के लिए चुनाव में सदन के अल्पसंख्यक नेता हकीम जेफ्रीज को वोट दिया। हालांकि रिपब्लिकन माइक जॉनसन को सदन का अध्यक्ष चुना गया। मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेसी थानेदार, कैलिफोर्निया के 17वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले रो खन्ना और इलिनोइस के आठवें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजा कृष्णमूर्ति ने भी शपथ ली।

महामारी के चलते श्मशानों पर लाशों का ढेर लगा, फिर भी झूठ पर झूठ बोल रहा है चीन

बीजिंग (ए)। कई बार प्रमाणित हो चुका है कि चीन झूठ बोलने में माहिर है। कोरोनाकाल में तमाम सबूत होने के बाद भी वो झूठ बोलता रहा। इस बार भी चीन में कोरोना वायरस जैसी बीमारी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) तेजी से फैल रही है। वहां के अस्पताल मरीजों से भरे पड़े हैं। यहां तक श्मशानों में भी शवों की दफनाने के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं, लेकिन चीन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है।

उसने सोशल मीडिया पर प्रसारित इस तरह के वीडियो को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि जैसा दिखाया जा रहा है, वैसा कुछ भी नहीं। बीजिंग ने तो यहां तक कह दिया कि विदेशी टूरिस्टों के लिए चीन पूरी तरह से सुरक्षित है। चीन का यह बयान ठीक वैसा ही है, जैसा कि उसने पांच साल पहले कोरोना के समय दिया था। उसने कभी नहीं माना कि कोविड-19 वायरस उनके देश से फैला। चीन ने शुक्रवार को देश में बड़े पैमाने पर फ्लू के प्रकोप की खबरों को कमतर बताया, यह कहते हुए कि इस साल सर्दियों में होने वाली सांस संबंधी बीमारियों के मामले पिछले साल की तुलना में कम गंभीर हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशियों के लिए चीन की यात्रा करना बिल्कुल सुरक्षित है।चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने मीडिया को चीन में इन्फ्लूएंजा ए और अन्य श्वसन बीमारियों के प्रसार पर एक सवाल के जवाब में बताया, उत्तर गोलार्ध में सर्दियों के मौसम के दौरान श्वसन संक्रमण का प्रकोप बढ़ जाता है। उन्होंने कहा, बीमारियां पिछले साल की तुलना में कम गंभीर और छोटे पैमाने पर फैलती दिख रही हैं। उन्होंने कहा, मैं आपको आश्वस्त कर सकती हूं कि चीनी सरकार चीनी नागरिकों और चीन में रहने वाले विदेशियों के स्वास्थ्य की परवाह करती है। चीन में यात्रा करना सुरक्षित है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने यह भी बताया कि चीन की राष्ट्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम प्रशासन ने सर्दियों में श्वसन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

खेल समाचार

पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बचीं

-बस ड्राइवर गिरफ्तार

कोलकाता, (आरएनएस)। कोलकाता में एक बार फिर बस ड्राइवर की लापरवाही सामने आई। पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली एक सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बच गईं।

एक लग्जरी बस ने सना की कार को टक्कर मार दी। सूत्रों के मुताबिक, सौरव गांगुली की बेटी सना गांगुली ड्राइवर की सीट के बगल में बैठी थीं। उस समय डायमंड हार्बर रोड पर बेहाला चौराहे के पास दो बसें रेस लगा रही थीं और सना की कार से टकरा गईं। यह घटना बीती रात लगभग 10.30 बजे की है।

सूत्रों के अनुसार, बस ने ड्राइवर की सीट के दरवाजे को टक्कर मारी। टक्कर की वजह से सना की कार असंतुलित हो गई, लेकिन ड्राइवर की सूझबूझ के कारण सना की कार बच गई। हालांकि, कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सना को चोट नहीं आई।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बस अमता जा रही थी। परिवार ने बेहाला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के बाद कोलकाता पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और आरोपी बस ड्राइवर को गिरफ्तार कर वाहन को भी जब्त कर लिया गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस बस चालक को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।

सिडनी टेस्ट: ऋषभ पंत ने जड़ा भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

सिडनी,(आरएनएस)। भरतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया कि केट टीम के खिलाफ सिडनी में जारी दूसरे टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक (61) जड़ा।

यह उनके टेस्ट करियर का 15वां और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने केवल 29 गेंदों में पूरा किया।

इसके साथ ही वह भारत के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं।

पंत 59 रन पर तीसरा विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ 5वें विकेट के लिए 46 रन की ताबड़ोड़ साझेदारी निभाई।

वह अपनी पारी में 33 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 61 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने।

बता दें कि भारत के लिए सबसे तेज टेस्ट अर्धशतक का रिकॉर्ड भी पंत के नाम है। उन्होंने 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में यह कारनामा किया था।

पंत ने भारत के लिए पहला टेस्ट मैच साल 2018 में खेला था। अभी तक इस खिलाड़ी ने 43 मुकाबले खेले हैं और इसकी 75 पारियों में 42.11 की औसत से 2,948 रन बनाए हैं।

इसमें 6 शतक और 15 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 159* रन का रहा हैं।इसी तरह वह विकेट के पीछे भी 163 शिकार कर चुके हैं, जिसमें उन्होंने 148 कैच लपके हैं और 15 खिलाड़ियों को स्टंप आउट किया है।

सिडनी टेस्ट में भारत को 145 रनों की लीड, पंत की धमाकेदार पारी ने दिल जीत लिया

सिडनी (ए)। सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार कर आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर आलआउट कर 4 रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बनाए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हुई है। दिन का खेल खत्म होने के समय जडेजा 8 और वशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण विकेटकीपर और बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की धमाकेदार बल्लेबाजी रही। पंत ने ये रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वे पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गये। वहीं विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वे सिर्फ 6 रन का योगदान दे सके।

यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही चलते बने। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जबकि मो सिराज ने 51 रन देकर 3 विकेट झटके। बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी ने दो दो विकेट हासिल किए। 4 रन की लीड मिलने के बावजूद बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। शनिवार को के सत्र की शुरुआत में सिर्फ 1 ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। वहीं बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सभी को आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टाकर को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अछूत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किये। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी।

कृष्णा ने कहा, बुमराह की पीठ में ऐंठन थी और स्कैन के लिए गए थे

सिडनी, (ए.)। भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने पुष्टि की है कि कप्तान जसप्रीत बुमराह को शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में ऐंठन के बाद स्कैन के लिए ले जाया गया था।

कृष्णा ने कहा कि मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और बुमराह के स्वास्थ्य पर अपडेट जारी करेगी।

कृष्णा ने शनिवार को खेल समाप्त होने के बाद संवाददाताओं से कहा, हां, उन्हें (बुमराह) पीठ में ऐंठन थी और वे स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है, इसलिए जब भी मेडिकल टीम हमसे संपर्क करेगी, हमें (अधिक) जानकारी मिलेगी।बुमराह टीम के डॉक्टर और एक सुरक्षा अधिकारी के साथ स्टेडियम से बाहर निकले, जैसा कि लाइव प्रसारण में दिखाया गया। तेज गेंदबाज ने सिर्फ एक ओवर फेंका, जिसमें उनकी गति कम थी और दूसरे दिन के खेल के दूसरे सत्र के दौरान विराट कोहली के साथ संक्षिप्त चर्चा के बाद मैदान से चले गए। अब तक के दौरे में बुमराह ने नौ पारियों में 152.1 ओवर फेंके हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पारी में 10 ओवर में 2-33 विकेट लिए, जो अंततः 181 पर समाप्त हुई। उन्होंने पहले दिन की अंतिम गेंद पर उस्मान ख्वाजा को आउट करके और फिर दूसरे दिन के खेल की शुरुआत में मार्नस लाबुशेन को विकेट के पीछे कैच कराकर एक बड़ा झटका दिया।

सिडनी टेस्टः स्टीव स्मिथ ने घरेलू सरजमीं पर पूरे किए 5,000 रन

सिडनी,,(आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का आखिरी मुकाबला सिडनी में खेला जा रहा है। मैच में कंगारू टीम की पहली पारी सिर्फ 181 रन पर खत्म हो गई।इस दौरान दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने घरेलू सरजमीं पर 5,000 रन पूरे कर लिए।उन्होंने 22 रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। वह इस उपलब्धि को हासिल करने वाले कंगारू टीम के छठे बल्लेबाज बने हैं।ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा रन रिकी पोंटिंग ने बनाए हैं। वह 92 टेस्ट की 154 पारियों में 56.97 की औसत से 7,578 रन बनाने में सफल रहे हैं।एलन बॉर्डर 5,743 रनों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। स्टीव वॉ ने ऑस्ट्रेलिया में 5,710 रन बनाए हैं। डेविड वार्नर के बल्ले से 5,438 रन और मैथ्यू हेडन के बल्ले से 5,210 रन निकले हैं।इन खिलाड़ियों में सिर्फ स्मिथ ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनका औसत 60 से ज्यादा का रहा है।स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच साल 2010 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने घरेलू सरजमीं पर 58 मुकाबले खेले हैं। इसकी 99 पारियों में 16 बार नाबाद रहते हुए 60.37 की औसत से 5,011 रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके बल्ले से 18 शतक और 19 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 रन रहा है।स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा रन (2,255) इंग्लैंड में बनाए हैं।भारत के खिलाफ स्मिथ ने पहला टेस्ट मैच साल 2013 में खेला था। उन्होंने अब तक 24 मुकाबले खेले हैं और इसकी 45 पारियों में 6 बार नाबाद रहते हुए 60.30 की औसत से 2,352 रन बनाए हैं।उनके बल्ले से 11 शतक और 5 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 192 रन रहा है।इस सीरीज में स्मिथ ने 8 पारियों में 38.75 की औसत और 2 शतक की मदद से 310 रन बनाने में सफल रहे हैं।भारतीय टीम के 185 रन के जवाब में कंगारू टीम को शुरुआती झटके लगे। 96 रन तक टीम के 5 बल्लेबाज पवेलियन में थे। उनकी पूरी टीम 181 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत को 4 रन की अहम बढ़त मिली। ब्यू वेबस्टर (57*) को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

भारत का कप्तान बनना आसान नहीं, युवाओं को करनी होगी कड़ी मेहनत : रोहित शर्मा

सिडनी, (ए.)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेले जा रहे पांचवें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह इस टेस्ट मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इसी बीच रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी।

रोहित शर्मा बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। उनकी बल्लेबाजी में वह धार नहीं दिखाई दे रही है जैसी उनसे अपेक्षा की जाती है। सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल भी उठ रहे हैं।

इस बीच अंतिम टेस्ट मैच में रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। रोहित ने लंच ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में एक सवाल के जवाब में कहा, यह कहना बहुत मुश्किल है। बहुत से लड़के हैं, लेकिन मैं चाहता हूं कि वे पहले क्रिकेट के महत्व को समझें और इस जगह के महत्व को भी समझें। वे नए लड़के हैं, और मुझे पता है कि उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। लेकिन उन्हें इसे कमाना होगा। जैसे, मैं अब यहां हूं। बुमराह यहां हैं। विराट (कोहली) उनसे पहले यहां थे। एमएस धोनी उनसे पहले यहां थे। हर किसी ने इसे कमाया है। किसी को भी यह थाली में परोस कर नहीं मिला है, और किसी को भी इसे ऐसे ही नहीं मिलना चाहिए। उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा, लड़कों में बहुत प्रतिभा है। लेकिन साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि भारत का कप्तान बनना आसान नहीं है। दबाव तो है, लेकिन यह बहुत बड़ा सम्मान है। हमारा इतिहास और जिस तरह से हम क्रिकेट खेलते हैं, उसमें दोनों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। इसलिए उन्हें इसे हासिल करने दें। बुमराह की कप्तानी पर रोहित शर्मा ने कहा, बेशक, उनके पास खेल के बारे में बहुत सारे विचार हैं। जिस तरह से वह दूसरों के लिए अपनी गेंदबाजी का उदाहरण पेश करते हैं, वह बेहतरीन है। उनमें वह बेहतरीन क्षमता है, वह खेल को समझते हैं और हमेशा टीम को आगे रखते हैं। मैं पिछले 11 सालों से उन्हें देख रहा हूं। मैंने उन्हें पहली बार 2013 में देखा था। उनका ग्राफ भी ऊपर गया है। उन्होंने अपने खेल, अपनी सोच में बहुत विकास किया है। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, उसे पूरी दुनिया देख रही है। भारत के कप्तान के तौर पर क्या सीखने को मिला, इस सवाल के जवाब में रोहित ने बताया कि नेतृत्व में, आपको यह स्वीकार करना होगा कि आपके पास हर दिन अच्छे नहीं होंगे। साथ ही, आप तीन महीने में जो करते हैं वह अचानक खराब नहीं हो जाता। विचार और मानसिकता हमेशा एक जैसी होती है - मैं पांच/छह/आठ महीने पहले जिस तरह की कप्तानी कर रहा था, अभी भी वही मानसिकता, विचारधारा, विचार प्रक्रिया है।

शुक्करबाडा नहर चलेगी फुल, गेज से किसानों को मिलेगा समय पर पर्याप्त पानी

भारतीय किसान संघ ने आयुक्त के प्रति आभार माना

नर्मदापुरम। माखन नगर। (निप्र)। भारतीय किसान संघ विगत 10 वर्षों से नहर को फुल गेज से चलाने की मांग करते चला आ रहा है परंतु शुक्करवाडा नहर में टेल क्षेत्र में अतिरिक्त पानी निकासी नाली पर अतिक्रमण होने के कारण फुल गैज से नहर नहीं चल पा रही थी। क्योंकि फुलगेज से चलाने पर टेलक्षेत्र के किसानों के खेतों में जल भराव होता था और गेज अनुसार नहर नहीं चलने के कारण हेड की शाखाएं एवं कुलापे नहीं चल पा रहे थे बिगत दिनों आयुक्त के जी तिवारी और जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता आरआर मीना द्वारा नहर संचालन का निरीक्षण करने आए थे इस दौरान भारतीय किसान संघ के पदाधिकारीयों ने उक्त समस्या के बारे में आयुक्त को अवगत कराया इस पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और किसानों से पूछा कि इसका हल कैसे हो सकता है तो किसानों और अधिकारियों द्वारा कहा गया कि टेल क्षेत्र में एक स्थान पर अतिरिक्त नहर के पानी की निकासी का स्थान है परंतु बीते वर्षों में उस पर किसानों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है इसके कारण यह समस्या बनी हुई है इस पर बात को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार माखन नगर को निर्देशित किया कि आप शीघ्र नहर विभाग के कर्मचारियों और पुलिस की अभिरक्षा में उक्त निकासी के अतिक्रमण को हटाए और मुझे अवगत कराये इसी तारतम्य में आयुक्त के आदेश अनुसार अतिरिक्त पानी की निकासी की नाली का निर्माण विभाग द्वारा कराया गया और आज भारतीय किसान संघ के पदाधिकारीयों द्वारा इसका अवलोकन कर संतोष व्यक्त करते हुए आयुक्त को उक्त कार्य के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। अवलोकन करने वालों में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, संभागीय प्रवक्ता उदय कुमार पांडेय, जिला अध्यक्ष ओमकार राजपूत, जितेंद्र तोमर, राजेश दीवान बृजेश राजपूत लखन चौधरी गोपाल मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नपा ने सेठानीघाट पर लगाया रात्रिकालीन शिविर

नागरिकों की समस्याओं का किया समाधान

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत रात्रि में शिविर का आयोजन कर नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। शुक्रवार को रात्रि में सेठानीघाट पर लगाए गए शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी गई उनका समाधान किया गया। शिविर प्रभारी जयंत यादव ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन नगर के सभी वार्डों में दिनांक वार मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को रात्रि में सेठानीघाट पर रात्रि कालीन शिविर लगाया गया था जहां नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। रात्रि कालीन शिविर का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर प्रभारी एवं नपा के कर्मचारियों को नागरिकों की अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। 'नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नागरिकों से आग्रह किया है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत वार्डों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में आकर नागरिक अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, निराकृत हुए लंबित प्रकरण

योजनाओं की राशि छात्रवृत्ति और राजस्व प्रकरणों में मिली नागरिकों को राहत शिविर आयोजित करने में नर्मदापुरम जिला टॉप फाइव में

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में कहां कि नागरिकों की समस्याएं लंबे समय तक लंबित रखने वाले दोषी अधिकारी कर्मचारी दंडित किए जाएंगे। आम जन का कल्याण ही राज्य सरकार का प्रमुख लक्ष्य है। राजस्व, छात्रवृत्ति वितरण सहित अन्य योजनाओं की स्वीकृति और योजनाओं की राशि वितरण संबंधी कोई भी कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन में विभिन्न जिलों के नागरिकों के लंबित प्रकरण में समाधान करवाया इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने सीएम हेल्पलाइन में उल्लेखित शिकायतों की निराकरण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों और सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत सर्वाधिक शिविर लगाने में नर्मदापुरम जिला टॉप फाइव में रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नर्मदापुरम जिले एवं सभी जिलों को बधाई दी। उल्लेखनीय की नर्मदापुरम जिले में 566 शिविर आयोजित किए जाने थे जिनमें अब तक 563 शिविर आयोजित किये जा चुके हैं। मात्र तीन शिविर शेष हैं जो उपलब्धि का 99.5 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रेष्ठ कार्य करने वाले और उच्च प्रदर्शन करने वाले विभागों जैसे ऊर्जा, नगरी विकास, महिला एवं बाल विकास, पंचायत ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग शामिल है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण अधिकारी करें। जनकल्याण के कार्य को गति देने के लिए अभियान चल रहा है। आगामी 26 जनवरी तक घर-घर जाकर नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित करने का अभियान गत 11 दिसंबर से संचालित है। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की गतिविधियां 26 जनवरी तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा कि राजस्व से संबंधित कार्य पूरी प्रक्रिया के साथ पूर्ण हो। उदाहरण के लिए बटवारा आदेश ही पर्याप्त नहीं है उसे नक्शे में दर्शाना भी आवश्यक है। नामांतरण और सीमांकन के कार्य में भी पूर्ण प्रक्रिया कर कार्य किए जाएं।स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को महत्वपूर्ण स्थान बनाना है मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने विद्यार्थियों के हित में प्रमुख सुविधाओं को प्रदान करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साइकिल वितरण, गणवेश, किताब, छात्रवृत्ति एवं छात्रावास की सुविधा एवं छात्रावास ना उपलब्ध होने पर किराए पर लिए गए कक्ष का किराया दिलवाने का कार्य भी किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अभियान चला कर पारदर्शिता और सुचिता के साथ स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य किया जाए। शालाओं में नामांकन बढ़ाने के लिए भी अभियान चलाएं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश आगे रहा था, अभी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में और प्रयास करने की आवश्यकता है। परीक्षा प्रणाली, टास्क फॉर समिति की बैठक, भवन विहीन स्कूलों में व्यवस्थाएं आदि की शीघ्र ही विस्तृत समीक्षा की जाएगी। डॉक्टर यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा में जीईआर में मध्य प्रदेश आगे आया था। इस तरह स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति आवश्यक है।

पचमढ़ी उत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

सांसद श्री चौधरी नें प्रात: रन पचमढ़ी में दौड़ लगाकर पर्यटकों को पचमढ़ी आने का न्योता दिया

सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं सांसद माया नारोलिया पचमढ़ी उत्सव में हुए शामिल

नर्मदापुरम (निप्र)। मध्यप्रदेश का हिलस्टेशन नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी सतपुड़ा की वादियों में बसा एक अदभुत शहर है कहें तो एक ही जगह सम्पूर्ण पर्यटन है। यहां हर प्रकार का पर्यटन उपलब्ध है चाहे वह धार्मिक हो प्राकृतिक, सांस्कृतिक या एडवेंचर सभी पचमढ़ी में मौजूद है। इन सभी को देखते हुए पर्यटकों के लिए साल में एक बार पचमढ़ी महोत्सव भी मनाया जाता रहा है जिसको मध्यप्रदेश टूरिज्म, जिला प्रशासन एवं datcc के द्वारा इसका आयोजन किया जाता है ओर कोरोना त्रासदी के बाद यह आयोजन कलेक ?टर सोनिया मीना के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में फिर से शुरू किया गया है। पचमढ़ी महोत्सव 2024-25 का आगाज कॉर्निवाल से किया गया था। वही 3 जनवरी को सुबह 8 बजे साइकिलिंग में सैकड़ों पर्यटकों ओर प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लिया भाग लिया।

सायकलिंग, हाट बाजार से शुरू हुई जो चर्च, कैंट कार्यालय, पुलिस थाना, ओल्ड होटल, हवाई पट्टी, रीछगढ संगम टूर, राजेन्द्र गिरी, नालंदा टोला से होते हुए हाट बाजार में समाप्त हुई। इसी दिन रात्रि 8 बजे सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने पचमढ़ी महोत्सव में शिरकत की और कार्यक्रमों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में नर्मदापुरम की प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा से कार्यक्रम की शुरुआत हुइ। वहीं हास्य कवि हिमांशु बबंडर ने अपने हास्य मिश्रित कविता के अपने शब्दों से कार्यक्रम में समां बांधा और लोगो को खूब गुदगुदाया। दर्शक हिमांशु बवंडर के हास्य कविताओं से सराबोर हो गए।वहीं 4 जनवरी की सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुए पचमढ़ी रन में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर प्रदेश की जनता को महादेव की नगरी पर्यटन स्थल पचमढ़ी में आने का और उसकी प्राकृतिक सौन्दर्य का लुफ्त उठाने का न्येता दिया।

आज आर्मी बैंड द्वारा दी जाएगी प्रस्तुती

पचमढ़ी महोत्सव के दूसरे दिन 04 जनवरी की शाम 06:45 बजे से सीएम राइज स्कूल पचमढ़ी के ग्राउंड में आर्मी बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।

सीनियर आईएएस फैज अहमद किदवई को महानिदेशक डीजी बनाए जाने पर बधाई

नर्मदापुरम। भोपाल (निप्र)। केंद्र सरकार ने अधिकारियों में फेरबदल किए हैं। नागर विमानन महानिदेशालय का प्रमुख फैज अहमद किदवई को नियुक्त किया गया है। फैज अहमद किदवई मध्य प्रदेश कैडर के 1996 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारी हैं। कृषि और किसान कल्याण विभाग में अतिरिक्त सचिव के पद से उन्हें अब डीजीसीए में महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री किदवई की यादें होशंगाबाद और भोपाल से जुडी हुई हैं। उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर नर्मदापुरम व भोपाल के अनेक लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी है। किदवई कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में एडिशनल सेक्रेट्री थे। अब उन्हें मिनिस्ट्री आफ सिविल एविएशन में एडिशनल सेक्रेट्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नर्मदापुरम एवं भोपाल से शहीद चन्द्रशेखर आजाद युवा मंडल समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने श्री किदवई को बधाई प्रेषित की है। समिति के अध्यक्ष एसके यादव ने कहा कि श्री किदवई ने होशंगाबाद कलेक्टर रहते हुए अनेक रचनात्मक कार्य किए हैं। उन्हें जिले के नागरिक हमेशा याद करते हैं। उन्होंने नर्मदा तट के घाटों के विकास के लिए अनेक प्रयास किए थे। घाट की समिति बनाकर घाटों को जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्य कराए। एसके यादव ने कहा कि जल्द ही समिति का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली उनके गृह निवास पर पहुंचकर श्री किदवई को नई जिम्मेदारी व नूतन वर्ष की शुभकामनाएं देंगे। श्री किदवई को बधाई देने वालों में समिति अध्यक्ष एसके यादव, बलराम शर्मा के साथ ही सलमान, राणा सुल्तान, विजय कुमार, पवन कुमार, राजू, सहित अन्य अनेक सदस्य शामिल है।

यातायात पुलिस ने 40 मॉडिफाइड साइलेंसरों पर बुलडोजर चलाकर नष्ट किए

आगर मालवा,(आरएनएस)। जिले में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने जब्त किए गैरकानूनी मॉडिफाइड साइलेंसर को शनिवार दोपहर नष्ट किए।

यातायात थाने के सूबेदार जगदीश यादव ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। यह अवैध मॉडिफिक्रेशन सरकारी गाइडलाइंस के अनुसार ध्वनि प्रदूषण की सीमा का भी उल्लंघन करता है ऐसे वाहन समाज के बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए गंभीर असुविधा का कारण बनते हैं। इस लिए सालभर में जब्त किए गए 40 मोडिफाइड साइलेंसर पर रोलर चलाकर उन्हें आमजनता के सामने नष्ट किया गया है।

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी द्वारा बनाए रोबोट को संभाग स्तरीय युवा उत्सव में प्रथम पुरस्कार

नर्मदापुरम (निप्र)। खेल एवं कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 28 वें संभाग स्तरीय युवा उत्सव में स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर पहला स्थान प्राप्त किया।विद्यार्थी आदित्य साहू द्वारा बनाया गया अग्निशमन रोबोट ;फायर एक्सटिंग्विशरद रोबोट निर्णायकों को अत्यधिक पसंद आया।

इस रोबोट ने आग बुझाने में अपनी स्वचालित तकनीक का शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया और प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह मॉडल स्कूल के एटीएल इंचार्ज नीतिश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में बनाया। ज्ञात हो कि पूर्व में भी जिला स्तरीय युवा उत्सव में आदित्य साहू को प्रथम पुरस्कार मिला था एवं उनका चयन इस संभाग स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता के लिए हुआ था। अब वह राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने भोपाल रवाना होंगे।साथ ही, कविता लेखन प्रतियोगिता में शाला की छात्रा कु अनामिका कीर ने तृतीय स्थान हासिल कर शाला का गौरव बढ़ाया। उनका मार्गदर्शन शिक्षिका दीपिका वर्मा ने किया।इस उपलब्धि पर स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सुभाशीष चटर्जी प्राचार्य मोना चटर्जी और संपूर्ण शाला परिवार ने विजयी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल शाला का बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

शिवाजी ऑडिटोरियम में लगा श्री-अन्न मेला

बैतूल, (आरएनएस)। शिवाजी ऑडिटोरियम में मोटे अनाज को प्रमोट करने शनिवार को श्री अन्न मेले का आयोजन हुआ। मेले में 25 प्रकार के मोटे अनाज प्रदर्शित किए गए। साथ ही महिलाओं ने मोटे अनाज बनने वाले अलग-अलग व्यंजन भी की स्टॉल लगाई गई। इसमें ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, कोदो, कुटकी शामिल थे।ये आयोजन प्रत्याशा नवांकुर संस्थान और जन अभियान परिषद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और स्टार्टअप की प्रेरणा देने के उद्देश्य किया है।इस दौरान मेले में बालिका सुरक्षा थीम पर श्री अन्न से रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। खास बात ये है कि ये रंगोली श्री अन्न से ही बनाई गई। इसके अलावा हस्तशिल्प से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इन वस्तुओं के निर्माण में महिलाओं की भूमिका और कौशल की झलक देखी गई। खरीद बिक्री के लिए भी यहां श्री अन्न भी उपलब्ध कराया गया। इस दौरान मेले में आने वाले दर्शकों को आहार में मोटे अनाज मिलने के लिए प्रेरित भी किया, ताकि भोजन में पौष्टिकता बढ़ सके।

नगर पालिका अमले ने सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया

हरदा, (आरएनएस)। नगर पालिका ने शनिवार को कोर्ट के आदेश के तहत पुलिस और राजस्व विभाग के सहयोग से वार्ड नंबर 23 में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। कार्रवाई के दौरान 40 फीट चौड़े रास्ते पर सालों से बने सात मकानों को तोड़ा गया। इस दौरान नपा को यहां पर रहने वाले लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा।

नगर पालिका ने पहले ही अतिक्रमणकारियों को पीएम आवास योजना के तहत फ्लैट उपलब्ध कराए थे। बावजूद इसके अतिक्रमण हटाने के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। तीन दिनों की मोहलत के बाद भी जब मकान खाली नहीं किए गए, तो शनिवार को नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।वार्ड क्रमांक 23 में एलआईसी ऑफिस के पीछे स्थित 40 फीट चौड़ी सरकारी जमीन पर 22 मकान बने हुए हैं। इनमें से 15 परिवारों को पीलियाखाल की मल्टी में पीएम आवास के फ्लैट दिए गए हैं। इनमें चार लोगों ने फ्लैट के लिए जमा 20-20 हजार की राशि वापस ले ली, जबकि तीन लोगों ने अब तक मकान खाली कर दिए हैं। वहीं, कुछ लोगों ने मकान खाली कर दूसरे लोगों को किराए पर दे दिया था। नगर पालिका के सीएमओ ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए निशान लगा दिए गए हैं और आगे भी कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए कार्रवाई जारी रहेगी।

दृष्टिबाधित बच्चों ने ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल का जन्म दिवस मनाया

नर्मदापुरम (निप्र)। भोपाल तिराहा स्थित सहयोग विशेष आवासीय विद्यालय में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल का जन्म दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती जूही चटर्जी एवं संगीत शिक्षिका कोमल तायवड़े का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ लुई ब्रेल की फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात दृष्टिबाधित विद्यार्थी आदित्य यादव ने लुई ब्रेल के जीवन पर प्रकाश डाला व उनकी उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी। कक्षा 12 वीं की छात्राओं लीला, ऋषिका, रीना, मीणा और रश्मि ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात बच्चों ने लुई ब्रेल के विषय में सुंदर सामूहिक गान की प्रस्तुति। निकिता मालवीय एवं कल्पना ने भी एकल गायन प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमति जूही चटर्जी ने बच्चों को संबोधन करते हुए ब्रेललिपि के आविष्कार और ब्रेल लिपि के पूरे विश्व में उपयोग के विषय में भी बताया जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए बहुत उपयोगी है जिससे वह लिख पढ़कर आगे बढ़ रहे हैं। अंत में संगीत शिक्षिका कोमल ताइवडे ने भी सुंदर गीत गाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को मिठाइयां और टॉफी वितरित की। संचालन विद्यालय की शिक्षिका क्षमा पवार ने किया।

ट्रैक्टर पलटने से एक किशोर की मौत,दो नाबालिग हुए घायल

मैहर, (आरएनएस)। परसमनिया-मैहर मार्ग पर शनिवार की दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट जाने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में दो अन्य बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीरों ने रेस्क्यू कर घायलों को बचाकर अस्पताल पहुंचाया। परसमानिया के पास गढोत गांव से ट्रैक्टर के टायर का पंचर बनवा कर अपने गांव रामपुर पाठा लौटते समय यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलटने से रितेश प्रजापति (15 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई।वहीं ट्रैक्टर में बैठे अंश यादव (12 वर्ष) और रोहित प्रजापति (11 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उचेहरा में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतक रितेश ही ट्रैक्टर चला रहा था। जिसकी दबने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने फैरन रेस्क्यू शुरू किया और घायलों को अस्पताल भेज दिया।

बेटी के सामने कुल्हाड़ी मारकर पत्नी की हत्या

पांढुर्णा/छिंदवाड़ा,(आरएनएस)। पांढुर्णा तहसील के हिवरा पृथ्वीराम में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी राजू पाटिल (46) ने यह वारदात अपनी नाबालिग बेटी (17) के सामने तब की जब पत्नी पद्मा पाटिल (42) गहरी नींद में थी। घटना शुक्रवार देर रात की है। वारदात के बाद से आरोपी फरार है।

पुलिस की जांच में पता चला है कि पिछले तीन-चार दिन से पति-पत्नी के बीच चरित्र संदेह को लेकर विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद जब पत्नी पद्मा सो गई तो राजू ने कुल्हाड़ी से वार कर उसकी जान ले ली। पुलिस ने बताया कि पद्मा पिछले कुछ दिनों से राजू को खाना भी नहीं दे रही थी, जिससे उनके बीच विवाद और बढ़ गया था।घटना के बाद डरी सहमी पद्मा की बेटी ने जोर-जोर से रोना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। महिला की लाश और जगह-जगह फैला खून को देखकर वे घबरा गए। पड़ोसियों ने फैरन डायल 100 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।बेटी ने पुलिस को बताया कि माता-पिता के बीच पहले विवाद हुआ था। इसके बाद पिता कुल्हाड़ी लेकर आया और उसने मेरी मां पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।थाना प्रभारी अजय मरकाम ने बताया कि पति राजू पाटिल पत्नी पद्मा के चरित्र पर शक करता था। इसलिए आशंका है कि हत्या की ये वजह हो सकती है। घटना की सूचना के बाद तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन मामला गंभीर होने से छिंदवाड़ा से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।जानकारी के अनुसार आरोपी राजू पाटिल पेशे से किसान है। उसके पास करीब 3 एकड़ जमीन है। वहीं पत्नी पद्मा मजदूरी करने जाती थी। दोनों की एक नाबालिग बेटी है। दोनों का एक बेटा भी था, जिसकी 7 साल पहले मौत हो चुकी है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com